इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -115 राजनांदगांव, रविवार 10 मार्च 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# तीन सौ यूनिट तक फ्री मिलेगी बिजली, पैदा करें मोटा अनाज, खरीदेगी केंद्र - राजनाथ सिंह

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जाकर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसान महासम्मेलन से चुनावी शंखनाद कर दिया है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसान महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 2023 में छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को बेहद प्यार दिया है। आपने भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 25 करोड़ लोग गरीबी के संकट से बाहर आ चुके हैं। यह मैं नहीं बल्कि नीति आयोग कह रहा है। इस बार आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाइए हिंदुस्तान में हम लोग एक भी गरीब नहीं रहने देंगे।

किसान महाकुंभ में राजनाथ सिंह का चुनावी शंखनाद, बोले- तीन सौ यूनिट तक फ्री मिलेगी बिजली, पैदा करें मोटा अनाज, खरीदेगी केंद्रकिसान महाकुंभ में राजनाथ सिंह का चुनावी शंखनाद, बोले- तीन सौ यूनिट तक फ्री मिलेगी बिजली, पैदा करें मोटा अनाज, खरीदेगी केंद्र छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार बनते ही 100 दिन में ही जो विकास पटरी से उतर चुका था। वह विकास पटरी पर लौट आया है। लेकिन बीच में जो कांग्रेस सरकार आई, उसमें भ्रष्?टाचार का कितना बोलबाला था। यह आपको बताने की जरूरत नहीं, आप सभी को इसका



किसान महाकुंभ में राजनाथ सिंह का चुनावी शंखनाद

अहसास होगा। राजनाथ सिंह ने कहा, इजरायल, फिलीस्तीन के कारण दुनिया में महंगाई बढ़ी है लेकिन भारत में मोदी जी ने महंगाई को नियंत्रित किया और खाद, बीज की कीमत को भी नहीं बढ़ने दिया। इसका नतीजा है कि भारत अकेला देश है जो 300 रुपये में यूरिया की बोरी देता है।

उन्होंने कहा, भारत सरकार धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये देती है। विष्णुदेव साय जी की सरकार 3100 रुपये दे रही है। खेती का बजट 2014 में 25,000 करोड़ था और अब 1,25,000 करोड़ बजट बढ़ा दिया गया है। इजरायल, फिलीस्तीन के कारण दुनिया में महंगाई बढ़ी है लेकिन भारत में मोदी जी ने महंगाई को नियंत्रित किया और खाद, बीज की कीमत को भी नहीं बढ़ने दिया। इसका नतीजा है कि भारत अकेला देश है जो 300 रुपये में यूरिया की बोरी देता है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ ने कहा, मोदी सरकार कुछ ही वर्षों में सोलर लाइट की व्यवथा करने जा रही है। सूर्य से रोशनी पैदा करने की व्यवस्था शुरू करने जा रहे हैं। तीन सौ यूनिट तक की बिजली फ्री मिलेगी। छत्तीसगढ़ के किसान मोटा अनाज पैदा करें। गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार खरीदेगी और दुनिया के देशों को एक्सपोर्ट करेगी। इससे पहले किसान सम्मेलन में शामिल होने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रायपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर एयरपोर्ट पर उनका वागत किया। राजधानी के साइंस कालेज मैदान में नौ मार्च को होने जा रहे किसान महासम्मेलन में डेढ़ लाख से अधिक किसान जुटेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी किसानों की पार्टी है। 75 साल में ज्यादातर कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन किसानों के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा ने किसानों की आय दोगुना करने के लिए योजनाओं की शुरुआत की है। सीएम साय ने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने ढ़ाई महीना में कई बड़े निर्णय लिए हैं। जिसकी गारंटी मोदी जी ने ली है। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए जो कार्य हो रहे हैं उसी वजह से यह किसान सम्मेलन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महतारी वंदन योजना : आज मिलेगी पहली किस्त : वर्चुअली जुड़ेंगे पीएम मोदी

रायपुर (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 10 मार्च को प्रदेश की राजधानी रायपुर के साथ सभी जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, नगरीय निकाय क्षेत्रों में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी राज्य मुख्यालय, जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय एवं नगरीय निकायों में आयोजित कार्यक्रमों से सीधे वर्चुअल जुड़कर लोगों को संबोधित करेंगे और हितग्राहियों से बात करेंगे। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से पहली किश्त का अंतरण किया जाएगा। इससे प्रत्येक माह महिलाओं के खाते में 1000 रूपये आएंगे।



**70 लाख महिलाओं को 655 करोड़ रुपए होंगे ट्रांसफर**

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर 12 बजे आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय महिला स्व-सहायता समूहों और विभागीय गतिविधियों पर आधारित स्टॉल का अवलोकन करेंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री साय छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त करने के अभियान का शुभारंभ भी करेंगे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में 01 मार्च 2024 से नवीन महतारी वंदन योजना लागू की गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 2000 करोड़ के ड्रग्स की तस्करी के आरोप में फिल्म निर्माता गिरफ्तार

नई दिल्ली। देश से बाहर 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के ड्रग्स की तस्करी के आरोप में पुलिस ने एक फिल्म निर्माता को गिरफ्तार किया गया है. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने शनिवार को कहा कि दक्षिण के फिल्म इंडस्ट्री में काम कर चुके डीएमके के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक को चार महीने की तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया.



एनसीबी ने सादिक को भारत-ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का किंगपिन भी बताया है. एनसीबी के अनुसार सादिक पर आरोप है कि उसने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2,000 करोड़ रुपये की दवाओं की तस्करी की है. एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने 45 से अधिक बार 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफ़ेड्रिन विदेश भेजा है. बता दें कि सादिक ने अब तक चार फिल्में बनाई हैं और उनकी आखिरी फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली है.

अधिकारियों ने सादिक की गिरफ्तारी मदुरई में दो रेल यात्रियों और चेन्नई में एक डंप यार्ड से 180 करोड़ रुपये मूल्य की मेथामफेटामाइन जब्त करने के एक हफ्ते बाद की है. जांच में पता चला है कि ये ड्रग्स श्रीलंका में तस्करी के लिए थीं. अधिकारियों ने कहा कि 29 फरवरी को पैसेंजर कपल से कुल 36 किलोग्राम और चेन्नई के कोडुंगैयुर डंप यार्ड से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तमिलनाडु में कांग्रेस-डीएमके के बीच सीट बंटवारा, कमल हासन भी आए साथ

नई दिल्ली/चेन्नई। लोकसभा चुनाव की तारीखें जल्द ही घोषित होने की संभावना है. सूत्रों के अनुसार, तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक ने कांग्रेस और कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मय्यम के साथ सीट-बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप दे दिया है. सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस को 10 सीटें मिलने की संभावना है. सूत्रों ने बताया कि सीट बंटवारे के इस समझौते की आधिकारिक घोषणा आज शाम को कांग्रेस और डीएमके की बैठक के बाद की जाएगी. कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने एनडीटीवी से कहा, हमारी टीम शाम छह बजे मुख्यमंत्री से



मुलाकात करेगी. हमें कुल 10 सीटें मिल रही हैं. इस बीच कमल हासन की पार्टी को 2025 के राज्यसभा चुनाव के लिए एक सीट दी गई है. कमल हासन ने कहा कि वे देश के कल्याण के लिए डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हुए हैं. कमल हासन ने कहा, मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा. मैं देश के लिए डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हुआ हूं, किसी पद के लिए नहीं. चेन्नई में डीएमके मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कमल हासन ने कहा, मैं गठबंधन को अपना पूरा समर्थन देता हूं. सूत्रों ने कहा कि एमएनएम तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों और पुडुचेरी की एक मात्र सीट पर गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार करेगी. स्टालिन की पार्टी डीएमके ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और सीपीआईएम को दो-दो सीटें दी हैं. साथ ही उसने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और कोंगु देसा मक्कल काची को एक-एक सीट दी है. विदुथलाई चिरुथिगल काची को भी दो सीटें दी गई हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा चुनाव के पहले ईसी अरुण गोयल का इस्तीफा : तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में सीईसी राजीव कुमार फिलहाल अकेले

नई दिल्ली। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने शनिवार को अपने पद से त्यागपत्र देकर सभी को चौंका दिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र ऐसे समय दिया है, जब कुछ ही दिनों में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। अरुण गोयल चुनाव आयोग में दूसरे शीर्ष अधिकारी थे। उनका कार्यकाल 2027 तक था।

कानून और न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चुनाव आयुक्त के रूप में अपने पद से गोयल का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है। तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में एक पद पहले से रिक्त है। गोयल के इस्तीफे के बाद



आयोग में अब सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बचे हैं।

### गोयल 1985 बैच के पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी

1985 बैच के पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी रहे गोयल ने 18 नवंबर, 2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी और इसके अगले ही दिन उनको चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिया गया था। इस नियुक्ति को लेकर विवाद हुआ और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा था कि आखिरकार इस बात की इतनी जल्दी क्यों थी कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के अगले ही दिन उनको चुनाव आयुक्त बना दिया गया?

### चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया तय करने का आदेश

मामले में फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया तय करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने गोयल की नियुक्ति को रद्द तो नहीं किया, लेकिन कहा था कि चुनाव आयुक्तों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वल्लभ भवन में लगी भीषण आग, काबू पाने के प्रयास जारी, सेना बुलाई



भोपाल। राजधानी में अरेरा हिल्स पर स्थित वल्लभ भवन (मंत्रालय) में तीसरी मंजिल पर शनिवार सुबह आग लग गई। लोगों ने जैसे ही बिल्डिंग की खिड़की से धुआं उठता देखा, तो अफरा-तफरी मच गई। तुरंत इसकी सूचना नगर निगम के फायर कंट्रोल रूम को दी गई। इसके बाद मौके पर दमकल गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। माह का दूसरा शनिवार होने के कारण यहां कम ही कर्मचारी थे। आग पर काबू पाने के लिए नगर निगम के फायर स्टेशनों के अलावा बीएचईएल, एयरपोर्ट और सेना की 100 से ज्यादा दमकलें बुलाई गईं। सेना के जवान भी मौके पर पहुंचे। आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों और एम्बुलेंस को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भगवान राम आज होते तो भाजपा उनके घर भी ईडी भेज देते, सीएम केजरीवाल का हमला

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बजट पर अपनी बात सदन के टेबल पर रखीं। उन्होंने कहा कि आज जब बजट पर चर्चा कर रहे हैं, तो मनीष सिसोदिया की याद आ गई। मनीष जी ने 9 बार बजट पेश किया है। उम्मीद है वे अगले वर्ष बजट पेश करेंगे।

### आप ने विकास का मॉडल रखा

सीएम केजरीवाल ने कहा, 'देश में दो घटनाएं घटीं। पहली घटना 2014 में भाजपा की केंद्र में सरकार बनी। 2015 में दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी। दोनों सरकारें बहुमत से बनी।' दोनों सरकारों ने दो मॉडल रखें, जो इलेक्शन जिताने की गारंटी देते हैं। एक विकास का मॉडल है और दूसरा



विनाश का मॉडल। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने काम किया और विकास का मॉडल रखा।

### भगवान राम इस युग में होते तो...

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर भगवान राम इस युग में होते तो ये उनके घर ईडी भेज देते। ये भी कहते कि भाजपा में आओ वरना जेल जाओ। तुम जितने समन भेजोगे हम उतने स्कूल बनाएंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे आठ समन आए हैं, मैं इतने ही स्कूल बनवाऊंगा।' सीएम केजरीवाल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा कि इलेक्टोरल बॉन्ड से कितना पैसा मिला। ना जाने कितनी सरकारें गिरा दी। अब हिमाचल सरकार गिराने जा रहे हैं।

### बीजेपी के पास पैसों की कमी नहीं

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने विनाश का मॉडल रखा। उसके दो हिस्से हैं और पहला सारी पार्टियों को खत्म कर दो। विरोधियों के खिलाफ एजेंसी लगा दो। उनकी सरकार गिरा दो। दूसरा हिस्सा है विपक्ष की सरकार काम कर रही है तो उसको रोके। भाजपा के पास पैसों की कमी नहीं है।



राजनांदगांव (दावा)। जिला योजना समिति के सदस्य एवं वार्ड नं. 30 के पार्षद अमीन हुड्डा ने आज पूर्व मुख्यमंत्री व लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल से मुलाकात कर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की बधाई दी। इस अवसर पर महापौर श्रीमति हेमा देशमुख, संतोष पिल्ले, पूर्णिमा नागदेवे, ऋषि शास्त्री, सचिन तुरहाटे, माया शर्मा, विनय झा, राजा गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पीएम मोदी का हर-हर महादेव के उद्घोष से स्वागत, 28 किमी के रूट पर उमड़ा रेला

वाराणसी। लोकसभा चुनाव के लिए तीसरी बार उम्मीदवारी घोषित होने के बाद पहली बार काशी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत का उत्साह शनिवार रात सड़कों पर छलका। बाबतपुर से विश्वनाथ धाम होते बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) तक के 28 किलोमीटर के रूट पर काशीवासियों ने अपने सांसद पर गुलाब के फूल की पंखुड़ियां बरसाई। ढोल-तासे की थाप पर झूमे-थिरके। पखवारे भर में दूसरी बार अपने संसदीय क्षेत्र आए प्रधानमंत्री का जयश्रीराम और हर हर महादेव के उद्घोष के बीच मोदी-मोदी के स्वर बुलंद कर स्वागत किया।



पीएम मोदी ने हाथ जोड़ कर अपनी काशी के वासियों का आभार जताया। विश्वनाथ धाम पहुंचे, काशीपुराधिपति का विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर सर्व मंगल व विजयश्री का आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री शाम साढ़े सात बजे लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

एयरपोर्ट से निकलने के साथ घंटों से इंतजार में सड़कों के किनारे डटे कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा कर दी। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम तक पीएम के स्वागत के उद्घोष में काशीवासियों व कार्यकर्ताओं का जोश छलकता रहा। ढोल-तासे की थाप के बीच फरुहाई व धोबिया नृत्यों में लोक रंग भी छलकता रहा।

### विश्वनाथ धाम पहुंचे पीएम मोदी नंगे पांव

सर्व मंगल की कामना से बाबा का अभिषेक विश्वनाथ धाम पहुंचे पीएम मोदी नंगे पांव, हाथ जोड़े और ध्यान मुद्रा में वाहन से उतरे। परिसर में प्रवेश किया और शिखर को प्रणाम कर गर्भगृह में बैठे और सर्व मंगल की कामना से बाबा का षोडशोपचार पूजन किया। दूध-जल के साथ अनार, मुसब्बी, गन्ना, नारियल के जूस और चंदन-केसर के जल से बाबा का अभिषेक किया। महाशिवरात्रि की दूसरी रात बाबा की सात मिनट की पूजा में पीएम ने काशीपुराधिपति को पुष्प, बिल्व पत्र अर्पण कर फूलों का मुकुट भी धारण कराया। आरती उतारी और परिक्रमा भी की। इसे धारण किए पीएम बाहर गर्भगृह से बाहर निकले। मुख्यमंत्री ने पीएम को काशी के जीआइ क्राफ्ट मेटल रिपोजी के चार फीट लंबा त्रिशूल भेंट किया। भगवान शिव से जुड़े प्रतीक चिह्न नाग और डमरू से सजे नक्काशीदार त्रिशूल को पीएम ने श्रद्धा भाव से स्वीकार किया और विजयी मुद्रा में लहरा कर अपने विभोर भाव प्रदर्शित किए।

पीएम आज आजमगढ़ में दर्शन-पूजन के बाद पीएम सड़क मार्ग से बरेका अतिथि गृह पहुंचे। रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह करीब 11 बजे हेलीकाप्टर से आजमगढ़ के लिए रवाना होंगे। वहां मंदुरी में नवनिर्मित एयरपोर्ट से देश के 15 हवाईअड्डों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वाराणसी वापस आएंगे और यहां से नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।




गोबर खाद बेचना है
50-60 ट्रीप गोबर खाद
हाईवा प्रति ट्रीप- 4500 रू.
ट्रेक्टर प्रति ट्रीप-1200 रू.
8103757764
9754830500












# वर्ष के पहले नेशनल लोक अदालत में 99 हजार 995 से अधिक मामले निपटाए

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशन में आज जिले में नेशनल लोक अदालत का वर्चुअल और भौतिक उपस्थिति मोड में आयोजन किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें सर्वोच्च न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में लोक अदालत आयोजित की गयी।

जिला राजनांदगांव, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में न्यायालय में लंबित, राजस्व न्यायालय एवं प्री-लिटिगेशन के 1 लाख 1 हजार 192 प्रकरणों को निराकरण के लिए चिन्हित किया गया। शुक्रवार को जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आलोक कुमार के नेतृत्व में लोक अदालत के आयोजन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी थी। नेशनल लोक अदालत आयोजित करने के लिए कुल 44 खंडपीठों का गठन किया गया था। इस लोक अदालत में लगभग 99 हजार 995 मामलों का सफलतापूर्वक निपटान किया गया। निपटान किए गए मामलों में कुल 97051 मामले प्री-लिटिगेशन चरण के थे और 2944 मामले ऐसे थे जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे, निपटान राशि लगभग 22 करोड़ 47 लाख 96 हजार 768 रूपए थी। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले अर्थात चेक से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद के मामले, श्रम विवाद के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, रूपए वसूली वाद, विद्युत बिल एवं टेलीफोन बिल के मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, राजस्व न्यायालय के मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य वाद आदि से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई।



### नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में निराकृत हुए प्रकरणों की सफल कहानियां

### 1-6 वर्ष पुराना मामला नेशनल लोक अदालत में समझौता के आधार पर हुआ निराकृत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित नेशनल लोक अदालत के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा जिला राजनांदगांव में आयोजित की गई। नेशनल लोक अदालत के आयोजन अवसर पर न्यायालय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री दीपक के. गुप्ता राजनांदगांव के न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण, शौर्य टेलीकॉम कम्यूनिकेशन विरूद्ध आहुआ मोबाईल्स इंडिया प्रायवेट लिमिटेड कंपनियों के मामलें जो कि विगत 6 वर्षों से 34 लाख 43 हजार 560 रूपए के लेन-देन हेतु लंबित था। मामले को राजीनामा के आधार पर निराकरण की संभावना को देखते हुए प्रकरण आज नेशनल लोक अदालत में रखा गया। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के न्यायाधीश श्री दीपक के. गुप्ता द्वारा दोनों पक्षों को समझाईश दिये जाने पर उभयपक्ष अपने मामलों को आपसी समझौते के आधार पर निराकरण हेतु सहमत हुए तथा उनके मामले का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। प्रकरण में दावा में प्रस्तुत न्यायालय शुल्क जिसमें वादी पक्ष द्वारा प्रस्तुत न्यायालय शुल्क 1 लाख 63 रूपए 107 रूपए एवं प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत न्यायालय शुल्क 54 हजार रूपए का कोषालय से वापसी हेतु न्यायालय द्वारा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया।

### नेशनल लोक अदालत में पति-पत्नी के मामलें का हुआ निराकरण

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित नेशनल लोक अदालत के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजनांदगांव द्वारा जिला राजनांदगांव में आयोजित की गई नेशनल लोक अदालत के आयोजन अवसर पर न्यायालय कुटुम्ब न्यायालय राजनांदगांव में लंबित व्यवहार वाद संरक्षक एवं प्रतिपालय अधिनियम के प्रकरण को आज नेशनल लोक अदालत निराकृत हेतु रखे जाने पर प्रकरण के दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। न्यायालय में उपस्थित होने पर दोनों पक्षों को न्यायालय द्वारा समझाईश दिए जाने पर दोनों पति-पत्नी आपस में पुनः दाम्पत्य जीवन निर्वाह करने हेतु साथ-साथ रहने हेतु सहमत हुए। दोनों पक्षों राजीखुशी अपने घर सुख-पूर्वक जीवन व्यतीत करने हेतु चले गये। न्यायालय द्वारा उनको सद्भावना स्वरूप पौधा भेंट किया गया। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पति-पत्नी का मामलों को विगत 2 वर्ष से न्यायालय में लंबित था, का निराकरण किया गया।

### तीन साल के लंबे इंतजार के बाद मिले दादी और पोते

सामान्य जनमानस में पुलिस कोर्ट कचहरी को लेकर डर तथा अलग ही विचार आता हैं, किंतु लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है, जिसमे सामान्यजन अपने मुकदमे आसानी से सुलझा सकता इसी कड़ी में आज अध्यक्ष श्रीमान आलोक कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष श्रीमान चन्द्र कुमार कश्यप तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ एवं सचिव श्रीमान देवाशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित नेशनल लोक अदालत खैरागढ़ व्यवहार न्यायालय में आयोजित किया गया है। आज न्याय सुलभ है की तर्ज पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुरुप्रसाद देवांगन के न्यायालय में विचाराधीन मामले में दादी भूरी बाई चंदेल और पोते प्रेमलाल चंदेल के बीच पारिवारिक विवाद जो कई वर्षों से लंबित था, जिसमे न्यायालय द्वारा प्रार्थिया के घर जाकर जो चलने में असमर्थ थी, जो पैरालिसिस के तकलीफ से जूझ रहे थी वहां व्यवहार न्यायालय खैरागढ़ के पीएलवी गोलूदास साहू तथा अभियुक्त के वकील सौरभ श्रीवास्तव के द्वारा न्यायालय खैरागढ़ से 25 किलोमीटर दूर उसके ग्राम परसुली घर जाकर राजीनामा दादी और पोते के बीच कराया गया।

साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रार्थीया राजीनामा के लिए अपनी स्वीकृति जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन को दी और डॉकेट फॉर्म में अपना अंगूठे का निशान लगाई और दोनों के मध्य राजीनामा हुआ दोनों के मध्य जो विवाद और संघर्ष था वह खत्म हुआ और दोनों एक दूसरे से मिले दोनों के आंख में खुशी के आंसू आ गए। न्यायालय के प्रयास से पुनः मधुर संबंध दोनों नाती पोते के बीच बना। दोनों ने इस पूरे कार्य के लिए नेशनल लोक अदालत के पूरे टीम का बहुत दिल से धन्यवाद किया। यह पहल आम जन मानस में न्याय के प्रति जागरूक करने एक मिसाल है, जिससे और मामले जो आज तक विचारण में है वह भविष्य में इसी तरह जल्द सुलझेंगे तथा लोगो के न्याय तथा न्यायालय के प्रति आस्था और बढ़ेगी।

## पहला कॉलम...

### आज जिला साहू संघ की बैठक साहू सदन में



राजनांदगांव (दावा)। जिला अध्यक्ष भागवत साहू की अध्यक्षता में जिला साहू संघ राजनांदगांव की आवश्यक बैठक साहू सदन में आज 10 मार्च दिन रविवार को समय प्रातः 11 बजे से रखी गई है। जिसमें जिला साहू संघ द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम जैसे कर्मा जयंती समारोह, माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जावेगी। जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश साहू संघ द्वारा प्रेषित संदेश का प्रसारण भी किया जायेगा। महामंत्री नीलमणी साहू ने इस जरूरी बैठक में जिला साहू संघ के सभी प्रमुख पदाधिकारीगण, अध्यक्ष-सचिव सहित समस्त तहसील साहू संघ, परिक्षेत्र साहू संघ के पदाधिकारियों को सुबह 11 बजे उपास्थित होने की अपील की है।

### राशन कार्ड नवीनीकरण 15 मार्च तक

राजनांदगांव (दावा)। शासन आदेशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डो के नवीनीकरण के संबंध में जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देश पर नवीन राशन कार्ड वितरण संबंधित राशन दुकानों में किया जा रहा है तथा राशन कार्ड नवीनीकरण अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित किया गया है। नवीन राशन कार्ड के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन आदेशानुसार जिलाधीश महोदय के निर्देश पर नवीन राशन कार्ड का वितरण किया जा रहा है, जिन लोगों के द्वारा राशन कार्ड नवीनीकरण के लिये प्रक्रिया की गयी है उनका नवीन राशन कार्ड संबंधित वार्ड के राशन दुकान में वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित कार्डधारी अपने क्षेत्र के राशन दुकान से सम्पर्क कर अपना नवीन राशन कार्ड प्राप्त कर सकते है।

### आज बजरंग सेना की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। आज शाम 7 बजे शहर बजरंग सेना की आवश्यक बैठक स्टेशन पारा में रखी गई है, जिसमें 'एक शाम राम के नाम' कार्यक्रम रखने हेतु चर्चा की जायगी। शहर अध्यक्ष वेंकटेश राव ने सभी पदाधिकारी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने दी।

### पुरषोत्तम सिन्हा का निधन



डोंगरगांव (दावा)। पुरामटोला (कोकपुर) निवासी पुरषोत्तम सिन्हा पिता शिवलाल माता रामबाई सिन्हा, उम्र 48 वर्ष जो कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। जिनका राजनांदगांव में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम पुररामटोला में किया गया। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण व समाज एवं परिवार के लोग उपस्थित होकर उनको अंतिम विदाई दी गई। पुरषोत्तम सिन्हा लंबे समय से अखबार वितरण कर अपनी सेवाएं दे रहे थे। जिनका कार्यक्रम शनिवार 9 मार्च को रखा गया है।

## भूपेश बघेल ने अपने शासन में राजनांदगांव की घोर उपेक्षा की-चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी नेता अशोक चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस के द्वारा भूपेश बघेल को शहीद करने का षड्यंत्र रचा गया है। सर्वविदित है कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राजनांदगांव की घोर उपेक्षा किया है, ब्रिटिश जमाने का शासकीय प्रेस राजनांदगांव से हटा लिया गया।

ब्रिज कॉरपोरेशन का प्रदेश कार्यालय राजनांदगांव से हटा लिया। राजनांदगांव दिग्विजय स्टेडियम का नगर निगम से चलने वाला लाइट कटवा दिया। यहां तक की स्टेडियम से सफाई कर्मी भी बंद करवा दिया। राजनांदगांव से हमेशा से नफरत करने वाले भूपेश बघेल राजनांदगांव की जनता से किस मुंह से वोट मांगेंगे। उनके मुख्यमंत्रीत्व काल में कवर्धा और पंडरिया में रोहिंग्या मुसलमानो को जबरदस्ती बसाया गया। उनके राशन कार्ड बनवाकर उनको बहुत सारी सहूलियत प्रदान की गई, जिसका खामयजा मोहम्मद अकबर कैबिनेट मंत्री को विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा है।

अब राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता भूपेश बघेल को सजा देने का कार्य करेगी। भूपेश बघेल ने आज अपने वक्तव्य में कहा है कि राजनांदगांव की जनता चुनाव लड़ेगी और राजनांदगांव की जनता चुनाव जीतेगी। मैं इस बात का समर्थन करता हूं कि राजनांदगांव की जनता अपने क्षेत्र की घोर उपेक्षा करने वाले भूपेश बघेल को हराकर अपनी जीत संतोष पांडे के माध्यम से तय करेगी। यह राजनांदगांव जनता की वास्तविक जीत होगी।

## अधिकारी कर्मचारी प्रक्रोष्ठ द्वारा सर्व समाज के लिए मां कर्मा निःशुल्क पुस्तकालय का श्रीगणेश



**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए यह निःशुल्क लायब्रेरी मिल का पत्थर - यशवंत साहू**

राजनांदगांव (दावा)। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा गत दिनों जिला साहू सदन में निःशुल्क पुस्कालय का शुभारंभ किया गया।आयोजकों ने कार्यक्रम का श्री गणेश विद्या की देवी माता सरस्वती जी, संत शिरोमणी भक्त मां कर्मा जी के तैलचित्र पर पुष्प गुच्छ एवं चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात पुस्कालय का शुभारंभ जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने फीता काटकर किया। स्वागत भाषण जिला साहू संघ अधिकारी-कर्मचारी प्रक्रोष्ठ के जिला संयोजक यशवंत साहू ने दिया साथ ही यह भी बताया कि इस चुनौती पूर्ण कार्य में अनेक बधाएं निर्मित हुई फिर भी हमने हार नहीं मानी।सबसे बड़ी चुनौती तो यह थी कि सर्व समाज के लिए आरंभ यह पुस्कालय में नित्य नई-नई प्रतियोगिता पुस्तकों का समावेश का था पर मेरे अधिकारी-कर्मचारी प्रक्रोष्ठ के संवेदनशील पदाधिकारियों के दृढसंकल्पित और स्वंय के आपस में धनसंग्रह के बदौलत ही यह असंभव कार्य जनहित में संभव हो पाया है। संयोजक यशवंत साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिकारी-कर्मचारी प्रक्रोष्ठ द्वारा जनहित में भेदभाव रहित सर्वसमाज के जरुरतमंदों के पिछले साल से साहू सदन में जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के मार्ग दर्शन में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास की स्थापना की गई थी, जिसमें साहू समाज के अलावा अन्य समाज के विद्यार्थियों को संख्या विद्वान शिक्षकों ने परीक्षा पूर्व टेस्ट के माध्यम से परीक्षा में हजारों परीक्षार्थियों शामिल हुए थे और प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी संख्या में शामिल होकर परीक्षाएं देते हुए मुकाम हासिल करने में सफलता मिली थी।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपास्थित जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी प्रक्रोष्ठ के द्वारा आज मां कर्मा निःशुल्क पुस्कालय का शुभारंभ किया गया है वह मेरे लिएसौभाग्य है, सौभाग्य इसलिए है कि इस लायब्रेरी का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू जी करने वाले थे किंतु अति आवश्यक कार्य आ जाने की वजह से उन्हें आधे रास्ते से ही उन्हें रायपुर जाना पड़ा और उन्होंने मुझे पुस्कालय शुभारंभ करने की जिम्मेदारी सौंपी।

श्री साहू ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी का समाज के अलावा अन्य समाज के बारे में चिंतन कर उन्हें निःशुल्क कोचिंग की सूविधा देना वाकई प्रशंसा के काबिल है,आज लोगों को कोचिंग के लिए लोगों को रायपुर-बिलासपुर-भिलाई-दुर्ग की ओर जाना पड़ता था और उन विद्यार्थियों को काफी खर्च करना पड़ता था अब अधिकारी-कर्मचारी प्रक्रोष्ठ खासकर जिला संयोजक यशवंत साहू की दूरगामी सोच के सार्थक पहल से अब यह सुविधा साहू सदन में की गई है, उसके लिए प्रकोष्ठ सभी सदस्यों का आभार जताते हुए साधुवाद देते हुए बधाएं दी। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक मिलन साहू ने किया।

## नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल-बल्देवबाग एवं जयस्तंभ चौक में प्रवेश जारी

**प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट**



राजनांदगांव(दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग एवं जयस्तंभ चौक में आगामी सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश जारी है। इस वर्ष संस्था द्वारा प्रत्येक कक्षाओं में प्रथम प्रवेशित दस विद्यार्थियो को प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। संचालक नीरज बाजपेयी ने पालकों से अनुरोध किया कि नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए उच्च एवं संस्कार युक्त शिक्षा के लिए एनपीपीएस-बल्देवबाग में अवश्य प्रवेश करायें। श्री बाजपेयी ने आगे कहा इस वर्ष से नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों का समग्र विकास, गुणवत्ता एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का उचित वातावरण, शाला द्वारा दिया जायेगा। इसके लिए स्कूल की सभी कक्षाओं में इंटरनेट एवं एलईडी टीवी लगाई गई हैं। जिसके माध्यम से बच्चों को सिखाया एवं पढ़ाया जाएगा।

इस वर्ष नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग (नये भवन) 12,000 वर्गफीट एवं 18,000 वर्गफीट के ग्राउंड को आधुनिक साज-सज्जा के साथ तैयार किया जा रहा है। शहर के हृदयस्थल में स्थित इस स्कूल में बच्चों के लिए सभी सुविधाएं विगत 12 वर्षों से उपलब्ध हैं। जिन्हें इस वर्ष और अधिक नये कलेवर में प्रदान किया जाएगा। यह शहर के बीच एक मात्र ऐसा स्कूल है जहाँ प्री-प्रायमरी के बच्चों के खेलने के लिए प्ले स्टेशन की सुविधा है तथा इन छोटे बच्चों को कविता एवं गीतों के माध्यम से श्रवण पद्धति द्वारा पढ़ाई कराई जाती है। हमारे स्कूल में बच्चों को खेल-खेल में विभिन्न गतिविधियां वर्ष भर कराई जाती है। साथ ही संकल्प चक्र द्वारा छोटे-छोटे संकल्प लेकर संस्कारित करने का प्रयास किया जाता है। कक्षा में बच्चों की संख्या सीमित होने से उन पर अधिकाधिक ध्यान दिया जाता है, कई वर्षों के अनुभव के साथ तैयार प्रिन्टेड बुक एवं नोट-बुक तैयार किया गया है। साथ ही वर्ष भर होने वाली स्कूली गतिविधियों से भी बच्चों को सिखाया जाता है। इस स्कूल में शहर के सभी कोने एवं 5 किमी. दूर तक ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था प्रदान की जाती है। सभी बसें जीपीआरएसयुक्त है जिससे पालकों को बस की वर्तमान स्थिति (लोकेशन) की जानकारी प्राप्त होती रहती है।

## छात्रों को दी जाने वाली सुविधा तत्काल प्रदान करें साय सरकार - राजा यादव



राजनांदगांव (दावा)। एनएसयूआई के सयुंक्त महासचिव राजा यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि हाल ही मे हुये प्रदेश मे विधानसभा चुनाव मे बीजेपी ने छात्रों के लिए छात्रों को कॉलेज आने-जाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से मासिक ट्रेवल अलावस प्रदान करने कि घोषणा की गयी थी। लेकिन बीजेपी कि सरकार बनने के बाद से अभी तक इस घोषणा का अता-पता नही है। प्रदेश सयुंक्त महासचिव राजा यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार ने छात्रों को ठगा है एवं आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र इसका बदला लेंगे और आने वाले दिनों में एनएसयूआई छात्र संगठन इस विषय पर प्रदर्शन करेगी।


**प्लाट बेचना है**

शानदार लोकेशन बसंतपुर राजनांदगांव में प्लाट 25x50 के उपलब्ध है.

-: संपर्क करें :- मो.-6261339229



**श्री कृष्णा (एयरकूल) में** dts

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

अजय देवगन के द्वारा निर्मित इस वर्ष की बेहतरीन 'हॉरर डरावनी' फिल्म

**शैतान**

कलाकार - अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, जानकी बोदीवाला, आर. माधवन, मंगत पाठक, अभिषेक पाठक आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



bookmyshow

SILVER SCREEN MULTIPLEX

8th March to 14th March 2024

silver SCREEN




Shaitaan - 12:30, 03:00, 03:30, 06:30, 09:00 & 09:30 pm




Article 370 - 12:00 & 06:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2023-24
क्रमांक/26/प्र/अ.वि.अ./2024
खैरागढ़, दिनांक 01/03/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र जैन पिता फुलचंदजी जैन निवासी ग्राम चौखड़ियापारा राजनांदगांव तहसील राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव द्वारा अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम मरकामटोला प.ह.नं. 20 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई स्थित भूमि ख.नं. 531/1 रकबा 0.154 हे. में से 0.100 हे भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है ।

अतएव आवेदक की उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्राप्त आक्षेपो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

479-0 256-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2023-24
क्रमांक/27/प्र.1/अ.वि.अ. /2024
खैरागढ़, दिनाक 01/03/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र जैन पिता फुलचंदजी जैन निवासी ग्राम चौखड़ियापारा राजनांदगाव तहसील राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव द्वारा अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम मरकामटोला प.ह.नं. 20 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई स्थित भूमि ख.नं. 529/2 रकबा 0.101 हे. में भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है।

अतएव आवेदक की उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, बाद में प्राप्त आक्षेपो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.03. 2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2023-24
क्रमांक/28/प्र.1/अ.वि.अ / 2024
खैरागढ़, दिनांक 01/03/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र जैन पिता फुलचंदजी जैन निवासी ग्राम चौखड़ियापारा राजनांदगांव तहसील राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव द्वारा अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम मरकामटोला प.ह.नं. 20 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई स्थित भूमि ख.नं. 530/1 रकबा 0.081 है. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है।

अतएव आवेदक की उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, बाद में प्राप्त आक्षेपो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2023-24
क्रमांक/29/21/अ.वि.अ./2024
खैरागढ़, दिनांक 01/03/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र जैन पिता फुलचंदजी जैन निवासी ग्राम चौखड़ियापारा राजनांदगांव तहसील राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव द्वारा अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम मरकामटोला प.ह.नं. 20 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई स्थित भूमि ख.नं. 529/5 रकबा 0.138 हे. में से 0.100 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है ।

अतएव आवेदक की उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना आक्षेपों ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, बाद में प्राप्त आक्षेपों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2023-24
क्रमांक/30/प्र.1/अ.वि.अ./2024
खैरागढ़, दिनांक 01/03/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र जैन पिता फुलचंद जी जैन निवासी ग्राम चौखड़ियापारा राजनांदगाव तहसील राजनांदगांव जिला राजनांदगांव द्वारा अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम मरकामटोला प.ह.नं. 20 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई स्थित भूमि ख.नं. 554/4 रकबा 0.134 हे. मे से 0.100 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है।

अतएव आवेदक की उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकते है बाद में प्राप्त आक्षेपो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01-03-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी ।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला**

क्रमांकः 202309092100006

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2023-24

बेलगांव प.ह.नं. 00016 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- सरिता वर्मा

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरिता वर्मा पति गुड्डू वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम ढारा पो. ढारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदिका एवं अन्य हिस्सेदार के नाम पर ग्राम अछोली प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. बेलगांव में भूमि खसरा नं.495/30 रकबा 0.011 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि के ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में आवेदिका के पुत्री का नाम कुमारी रेषमा एवं पुत्र देवा ना.बा. दर्ज हो गया है, जबकि पुत्री का सही नाम शालिनी वर्मा एवं पुत्र का सही नाम चंद्र कुमार वर्मा है, इसी अनुसार उनका नाम शाला अभिलेख एवं आधार कार्ड में दर्ज है। उक्त भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में नाम सुधार कर कु. रेषमा उर्फ शालिनी वर्मा एवं देवा ना.बा. उर्फ चंद्र कुमार वर्मा ना.बा. दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.03.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवकता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.02.2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, तहसील डोंगरगढ़



**कार्यालय नगर पंचायत गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान (छ.ग.)**

क्रमांक/2269/म.बा./रा.शा./न.पं./24 — गण्डई दिनांक 05.03.2024

**- :: मवेशी बाजार नीलामी सूचना ::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गण्डई अधिनस्थ मवेशी बाजार की आम नीलामी वर्ष 2024-25 हेतु (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक के लिए) नियम बोली दिनांक 12.03.2024 को समय अपरान्ह 3.00 बजे से कार्यालय भवन में की जावेगी।

इच्छुक बोलीकर्ता निकाय के समस्त बकाया करों एवं पूर्व नीलामी राशि का चुकता प्रमाण पत्र तथा अमानत राशि 30.000.00 दिनांक 12.03.2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक जमाकर नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं।

**टीपः**- नीलामी की समस्त शर्तें/अन्य जानकारियां राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकताी है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर पंचायत, गण्डई

# प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से महतारी वंदन सम्मेलन में होंगे शामिल

**महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिले की 2 लाख 58 हजार 633 महिलाओं के खाते में 1000 रूपए की पहली किश्त का होगा भुगतान**





**जिला मुख्यालय सहित विकासखंड मुख्यालयों में महतारी वंदन सम्मेलन का होगा आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा 10 मार्च को प्रदेश की राजधानी रायपुर के साथ सभी जिला मुख्यालय एवं विकासखंड मुख्यालय में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आयोजित कार्यक्रमों से सीधे वर्चुअल माध्यम से जुड़कर संबोधित करेंगे और हितग्राहियों से बात करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में राज्य स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन राजधानी रायपुर में होगा। इस अवसर पर जिले की 2 लाख 58 हजार 633 महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से महतारी वंदन योजना की 1000 रूपए की पहली किश्त का अंतरण किया जाएगा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन के आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम 10 मार्च को जिला मुख्यालय पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित होगा। इसके साथ ही जिले के डोंगरगांव विकासखंड के प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक भवन डोंगरगांव, डोंगरगढ़ विकासखंड के कृषि मंडी रेस्ट हाउस के पास डोंगरगढ़ और छुरिया विकासखंड के सामुदायिक भवन छुरिया में भी महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन होगा।

उल्लेखनीय है राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय विवाहित महिला, विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। योजनांतर्गत 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

# आज लोस प्रत्याशी भूपेश बघेल का राजनांदगांव आगमन, डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी का दर्शन करेंगे



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का राजनांदगांव आगमन आज 10 मार्च को होने जा रहा है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में कांग्रेस की पूरी टीम जगह-जगह लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के स्वागत की तैयारी कर रही है। लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल का आगमन सर्वप्रथम अंजोरा बाईपास में होते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा जिला कांग्रेस की पूरी टीम के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया जाना है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस पार्टी से राजनांदगांव लोकसभा की टिकट मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। इस बार राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होगी और भूपेश बघेल जी राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व दिल्ली में सांसद के रूप में करेंगे। प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल का स्वागत टेडेसरा, सोमनी, खुटेरी चौक, सुंदरा, राजनांदगांव शहर, भानपुरी, तुमडीबोड़, बोदेला, डुंडेरा, मुरमुंदा सहित प्रमुख स्थानों पर भूपेश बघेल का ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात डोंगरगढ़ मां बमलेश्वरी का दर्शन पूजा उपरांत डोंगरगढ़ में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात भूपेश बघेल करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने राजनांदगांव जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिले के सभी विधायक, पूर्व विधायक, जिले मे निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला, ब्लॉक पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन एस यू आई, सेवादल, कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ विभाग के जिला ब्लॉक अध्यक्ष व जिला ब्लॉक पदाधिकारियों, नगर पालिका, नगर पंचायत, के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षद, त्रिस्तरीय पंचायती राज के जिला, जनपद, ग्राम पंचायत के कांग्रेस समर्थित निर्वाचित सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने दी है।

# कल राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन रायपुर में

**जिला पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 1842 पंचायत प्रतिनिधि होंगे शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों का राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन 11 मार्च 2024 को सांईस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन में राज्य के 27 जिला पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य तथा सरपंच एवं उप सरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में जिला पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 10 जनपद पंचायत अध्यक्ष, 10 जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, 196 जनपद पंचायत सदस्य, 813 सरपंच, 813 उपसरपंच पंचायत जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। राजनांदगांव जिले से 933, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी से 417 एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले से 492 कुल 1842 पंचायत प्रतिनिधि राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने एवं वापस लाने तथा अन्य सभी कर्तव्यों के निर्वहन हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने उप संचालक पंचायत राजनांदगांव श्री डीके कौशिक, परियोजना निर्देशक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी हेमंत ठाकुर तथा सहायक परियोजना अधिकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई पीसी तारम को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया भव्य शोभायात्रा निकाली गई

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा महाशिवरात्रि (88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती) का पावन पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लागबाग स्थितस्थानीय सेवाकेन्द्र वरदान भवन में नियमित प्रातः क्लास में परमपिता परमात्मा शिव बाबा के ईश्वरीय महावाक्य सुनाये गए एवं शिव ध्वजारोहण किया गया। शिव ध्वज के सम्मुख सभी ने दैवी गुण अपनाने की प्रतिज्ञा की।



भव्य शोभायात्रा को पूर्व महापौर भ्राता नरेश डाकलिया जी, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी एवं पूर्व पार्षद शारदा तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनःवरदान भवन में सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा में भारतमाता, 88 कलश लिए श्वेतवस्त्र धारी ब्रह्माकुमारी बहनें, एवं हजारों ब्रह्माकुमार भाई, ब्रह्माकुमारी बहनें शिव ध्वज लिये शांतिदूत बन मधुर, कर्णप्रिय गीत सुनाते, शिव संदेश देते हुए जिस मार्ग से आगे बढ़ रहे थे ऐसा लग रहा था कि मानो पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। शोभायात्रा मेंश्री महादेव शंकर जी, श्री लक्ष्मी-श्रीनारायण एवं सर्व आत्माओं के परम पिता परमात्मा शिव जी की मनोरम झाँकी शोभायमान थी। इसका जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। गरिमामय शोभायात्रा सम्पन्न होने पर पूर्व सांसद एवं महापौर भ्राता मधुसूदन यादव ने समापन अवसर पर वरदान पहुंच कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# पदुमतरा रामकथा में शामिल होंगे पूर्व सीएम भूपेश बघेल



पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के साथ क्षेत्रवासियों ने की मुलाकात

राजनांदगांव(दावा)। आज डोंगरगढ़ पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस से राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल से मिलकर क्षेत्र में होने 10 मार्च से 17 मार्च तक भव्य श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा हेतु आमंत्रित किये।

# भाजपा कार्यकर्ता को मारी गोली, अज्ञात लोगों ने किया हमला, अस्पताल में कराया गया भर्ती

राजनांदगांव (दावा)। जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी इलाके में भाजपा कार्यकर्ता को गोली लगने का मामला सामने आया है। बोदरा के जंगल में 45 वर्षीय सगुन सिंह सलामे को गोली मारी गई है। गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे मानपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे इलाज के लिये राजनांदगांव रिफर किया गया है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# निगम आयुक्त दल-बल के साथ राजस्व वसूली के लिये निकले

- प्रमुख होटल में कंवर पैलेस, पंचशील व रैलिस होटल के स्थल में डिमाण्ड का किया निरीक्षण
- कम डिमाण्ड पर जतायी नाराजगी, संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी करने दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता प्रतिदिन प्रातः साफ सफाई एवं निर्माण कार्यो का वार्डो मे निरीक्षण कर रहे है, साथ ही वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुये राजस्व वसुली के लिये स्थल पर जाकर बकाया करों का भुगतान करने करदाताओं को समझाईस दे रहे है।

निरीक्षण की कड़ी में उनके द्वारा आज निगम अधिकारियों के साथ वार्ड नं. 14 टाका पारा क्षेत्र एवं वार्ड नं. 15 बल्देव बाग क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर उक्त क्षेत्र के प्रमुख होटलों तथा अपार्टमेंट में पहुँच राजस्व वसूली के डिमांड पंजी देख कम डिमाण्ड पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित राजस्व उप निरीक्षणक व सहायक राजस्व निरीक्षक को नोटिस जारी करने तथा 7 दिवस के भीतर पुनरीक्षित डिमाण्ड तैयार कर वसूली करने राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल को निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम वार्ड नं. 14 स्थित होटल कवर पैलेस, पंचशील होटल, तथा होटल रैलिस में क्रमशः पहुंचकर बकाया राजस्व की जानकारी ली। उन्होंने होटल में नल कनेक्शन, कमरों की संख्या व रेस्टोरेन्ट के संबंध में संबंधित मैनेजर से जानकारी ली। जानकारी अनुसार उनके द्वारा डिमाण्ड पंजी मिलान किया गया। शासन नियमानुसार डिमाण्ड पंजी कम पाया गया, जिसपर नराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक व राजस्व उप निरीक्षक को नोटिस जारी करने राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल को निर्देश देते हुये 7 दिवस के भीतर पुनरीक्षित डिमाण्ड तैयार कर वसूली करने कहा। उन्होंने कहा कि अंतर की राशि अधिभार सहित वसूली करना सुनिश्चित करे। इसी प्रकार उन्होंने वार्ड नं. 15 में साहू अपार्टमेंट में नल कनेक्शन की जानकारी लेकर कनेक्शन के आधार पर जलकर अधिभार सहित वसूली करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में इस प्रकार की लापरवाही न हो वरन संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी। उनके द्वारा बल्देवबाग में सरिता देवी बृजमोहन अग्रवाल के घर से 17 हजार का सम्पत्तिकर का चेक लिया गया। निरीक्षण की कड़ी में आयुक्त श्री गुप्ता स्टेशन के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर दुरूस्त कर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने संचालक को निर्देश दिये। उनके द्वारा होटल के किचन का निरीक्षण कर साफ सफाई के संबंध में जानकारी ली गयी। साथ ही मोहबे नर्सिंग होम में साफ-सफाई का जायजा लिया गया तथा चल रहे निर्माण कार्य देख भवन अनुज्ञा के अनुसार निर्माण चेक करने तकनीकि अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अतिरिक्त निर्माण पर जुर्माना वसूले। एसएलआरएम में कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर घर में ही कचरा पृथककरण करने तथा नियमित यूजर चार्ज वसूली के निर्देश दिये। नाली निर्माण, वैष्णव समाज भवन निर्माण तथा स्टेड स्कूल में खेल मैदान निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण के संबंध में जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने बताया कि राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 45 लाख की लागत से खेल मैदान निर्माण किया जा रहा है जिसके तहत चेंजींग रूम का निर्माण हो चुका है, अन्य कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 20 लाख की लागत से वैष्णव समाज के लिये भवन निर्माण किया जा रहा है, प्लींथ का कार्य जारी है। आयुक्त ने कहा कि कार्य में तेजी लावे तथा समय सीमा में निर्माण पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान वार्ड नं. 14 के पार्षद व प्रभारी सदस्य सतीश मसीह, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, डाकेश्वर कर्ष, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, उद्यान सह प्रभारी दिलीप गिरी तथा राजस्व अमला उपस्थित था।

# बढ़ते कदम द्वारा निःशुल्क मैमोग्राफी ब्रेस्ट कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर

**बालको के विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे जांच**

राजनांदगांव (दावा)। शहर की सेवाभावी संस्था बढ़ते कदम द्वारा 14 मार्च गुरुवार को बढ़ते कदम, त्रिवेणी परिसर के पास में आयोजित किया गया है। संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर के.एस. कांजवानी ने बताया कि आज के इस आपाधापी युग में खान-पान एवं आहार विहार में आपाधापी होने के कारण कैंसर के रोगी दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं, जिसकी जांच काफी महंगी होने के कारण शुरुआत में लोग नहीं करवाते, जब बीमारी बढ़ जाती है जब पता चलता है तब तक देर हो जाती है, अतः संस्कारधानी नगर की सेवाभावी संस्था बढ़ते कदम द्वारा 14 मार्च को निशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन स्वर्गीय बिंदी बाई वाधवानी की स्मृति में किया जा रहा है। शिविर में रायपुर के जाने-माने कैंसर सेंटर बालकों के विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण कर आवश्यक होने पर निःशुल्क मैमोग्राफी पेप स्पिनर की जांच की जाएगी। संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर कंजवानी एवं राजा माखीजा ने बताया कि उक्त शिविर जिला स्तर पर आयोजित किया गया है जो की पूर्णता निःशुल्क है, इस हेतु पंजीयन आवश्यक है जिसकी अंतिम तिथि 13 मार्च बुधवार है। इस हेतु पूर्व पंजीयन हेतु कमल ऑप्टिकल 7000686500, दूधसागर 07744409791 एवं डॉ. के.एस. कंजवानी 9827155774 से संपर्क किया जा सकता है।

# शिवभक्ति के साथ पर्यावरण रक्षा के संदेश से मनाई गई महाशिवरात्रि



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय स्टेशन पारा स्थित श्री बेलेश्वर महादेव मंदिर में इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की कड़ी में प्रातःकाल भगवान शिवजी का रुद्राभिषेक किया गया। तत्पश्चात दोपहर में एक सौ एक किलो शुद्ध घी, खोवा इत्यादि से निर्मित गाज़र का हलुवा प्रसादी एवं फ़ल का वितरण किया गया तथा संध्या समय पुनः भक्तजनों में खीर-पूड़ी की प्रसादी वितरित की गई। इसके साथ ही समिति के सदस्य अमरनाथ यादव द्वारा एक सौ ग्यारह बेल वृक्ष भक्तजनों को शिव भक्ति के साथ पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिकोण से बाँटे गए।

उक्त कार्यक्रम में समिति के देवेंद्र ठाकुर, मिलिंद रेड्डी, मिठ्ठू यादव, मनीष कठाने, देवेश घाटोड़े, अरविंद चंद्राकर, दिग्विजय श्रीवास्तव, अतुल खंडेलवाल, विवेक शर्मा, गोलू सिन्हा, तरुण घाटोड़े, बीरबल रणसुरे, उमेश राजपूत, अनिल ठाकुर, किशोर देशमुख का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी समिति के उमेश राजपूत एवं अतुल खंडेलवाल द्वारा प्रदान की गई।

# एनी स्मार्ट डिवाइस से दृष्टिबाधित बच्चे आसानी से शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे-पूर्व सांसद मधुसूदन यादव

**कलेक्टर के नेतृत्व में सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड इंडिया द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत दृष्टिबाधित बच्चों को डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए शासकीय स्कूल एवं अभिलाषा स्कूल को थिंकरबेल लैब द्वारा निर्मित 41 एनी स्मार्ट डिवाइस किया गया प्रदान**

**दृष्टिबाधित बच्चों डिजिटल शिक्षा के लिए एनी स्मार्ट डिवाइस बहुत उपयोगी - कलेक्टर**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के नेतृत्व में सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड इंडिया द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत दृष्टिबाधित बच्चों की डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए शासकीय स्कूल एवं अभिलाषा स्कूल को 38 लाख 13 हजार रूपए की लागत के थिंकरबेल लैब द्वारा निर्मित 41 एनी स्मार्ट डिवाइस प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव उपस्थित थे। यह कार्यक्रम ठाकुर प्यारे लाल सिंह विद्यालया राजनांदगांव में आयोजित किया गया।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि दुनिया जिस तरह से आगे बढ़ रही है उसी तरह से आगे बढने के लिए दृष्टिबाधित बच्चों के लिए यह डिवाईस की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जिससे बच्चे आसानी से शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण देते समय शिक्षकों के साथ पालकों भी प्रशिक्षण देने कहा। उन्होंने कहा कि इस डिवाइस का उपयोग करने से दुनिया समझ में आने लगेगी कि दुनिया किस तरफ आगे बढ़ रही है। दुनिया जिस तरह से आगे बढ़ रही है उसी तरीके से आगे बढना है। इसका बहुत अच्छा लाभ बच्चों को मिलेगा। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के स्तर को अच्छा करने के लिए जिम्मेदारी के साथ इस डिवाईस का उपयोग करने में सहयोग करने शिक्षक और पालकों से कहा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि दृष्टिबाधित बच्चों की डिजिटल शिक्षा के लिए यह डिवाईस बहुत उपयोगी है। इससे बच्चे ब्रेल लिपि को अच्छे से सीख पाएंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि इस डिवाईस में ज्ञान का पूरा भण्डार है जिसका नियमित उपयोग करने कहा। इस डिवाईस से बच्चे शिक्षा के खेल भी खेल सकते हैं। इसके उपयोग से बच्चों में पढ़ाई का स्तर बढ़ेगा और अच्छे परिणाम मिलेंगे। स्मार्ट शिक्षण से बच्चों में पढने की और अधिक रूचि उत्पन्न होगी क्योंकि अब तक दृष्टिबाधित बच्चों को परम्परागत तरीके से पढ़ाया जाता था। लेकिन इस डिवाइस से आसानी से दृष्टिबाधित बच्चे पढ़ सकेंगे। उल्लेखनीय है कि एनी स्मार्ट क्लास एक सेल्फ लर्निंग डिवाइस है, जो दृष्टिबाधित छात्रों को शिक्षित होने में सहायता करती है। इस डिवाइस के जरिए छात्र हिंदी, अंग्रेजी व अन्य भाषाओं को सीख सकते हैं। स्मार्ट क्लास में टेलर फ्रेम, अबाकस, टाइप्स, इंटर प्वाइंट, वुडेन स्लेट, नंबर प्लेट व अन्य मशीनी उपकरण की सुविधा उपलब्ध है, जिसके माध्यम से बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा बच्चों के लिए गेम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई हैं ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी आनंद उठा सकेंगे। इस अवसर पर सहायक संचालक आदित्य खरे, पीपीआईए फेलो दिशा रावत, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड से यू शिवकुमार, सुरेन्द्र सिंह, हर्षित मिश्रा उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> **विश्वास वो ताकत है, जो उजड़ी हुई जिंदगी में भी रोशनी भर देती है।**

# चुनावी चंदे का विवाद बना राजनीतिक दलों के लिए गले की हड्डी

चुनावी चंदे का विवाद राजनीतिक दलों के लिए गले की हड्डी बनता जा रहा है। भले वे पार्टियां इसे बढ़-चढ़कर राजनीतिक रंग देने की कोशिश में जुटी हैं, जिन्हें कम चंदा मिला है, मगर पारदर्शिता उनके यहां भी नहीं है। चाहे वे राष्ट्रीय दल हों या क्षेत्रीय, सबने अज्ञात स्रोतों से चंदा हासिल किया है। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म यानी एडीआर नामक संगठन ने अपने अध्ययन में खुलासा किया है कि राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे के बयासी फीसद हिस्से के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वह चुनावी बांड से प्राप्त हुआ धन है। चुनावी बांड का प्रावधान इसलिए किया गया था कि चंदे के रूप में काले धन का प्रवाह रोका जा सके। मगर वह तरीका कारगर साबित नहीं हुआ। इसे लेकर विवाद तब और बढ़ गया, जब देखा गया कि सत्तापक्ष और विपक्ष के सारे दलों को मिले चंदे की राशि में बहुत अंतर है।

कुल चंदे का करीब आधा हिस्सा अकेले सत्तापक्ष को मिला और बाकी में सारे दलों का हिस्सा है। विचित्र बात यह कि एक करोड़ की राशि वाले चंदों की संख्या अधिक थी और छोटी राशि के चंदे बहुत कम आए। 'माल्टा जेल में तुम थे या तुम्हारा बाप', 'गजवा ए हिंद' की बात करने वालों पर भड़के ओवैसी मगर चुनावी बांड के नियमों के मुताबिक चूंकि चंदा देने वालों के नाम उजागर नहीं किए जा सकते, इसलिए उनके स्रोत अज्ञात ही बने रहे। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता को यह जानने का अधिकार है कि किस पार्टी को कितना और कहां-कहां से चंदा मिला।

हालांकि पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बांड को असंवैधानिक करार देते हुए उस पर रोक लगा दी और भारतीय स्टेट बैंक से तीन हफ्ते के भीतर वे सारे नाम निर्वाचन आयोग को सौंपने को कहा, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में राजनीतिक दलों को चंदे दिए हैं। मगर स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय में समय सीमा बढ़ा कर जून तक करने की फरियाद लगा दी। इसे लेकर स्वाभाविक ही एक नए तरह का विवाद शुरू हो गया। अब सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई है कि स्टेट बैंक की इस नाफरमानी पर अवमानना की कार्रवाई हो। देखने की बात है कि अदालत इस पर क्या रुख लेती है। मगर एडीआर के अध्ययन से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि चुनावी बांड का प्रावधान इसी मंशा से किया गया था कि राजनीतिक दल मनमाने तरीके से चंदा जुटा सकें और उसके बारे में लोगों को जानकारी भी न मिलने पाए।


लोकतंत्र में राजनीतिक दलों से पारदर्शिता की अपेक्षा की जाती है। अगर वे चंदा जुटा कर अपनी ताकत का प्रदर्शन और अनाप-शनाप खर्च की हो? शुरू कर दें तो इसे मतदाताओं के साथ गंभीर धोखा ही कहा जाएगा। मतदाता को पूरा हक है कि जिस दल के पक्ष में वह मतदान करता है, उसके बारे में हर जानकारी प्राप्त करे। उसके आय-व्यय का हिसाब भी उसे पता हो। फिर जो कंपनियां राजनीतिक दलों को चंदा देती हैं, उन्हें भी ओट में न रखा जाए, क्योंकि बहुत सारे लोगों के शेयर उन कंपनियों में लगे होते हैं। इस तरह उन्हें जानने का हक है कि जिस कंपनी के साथ वे जु? हैं, वह कहीं उनका पैसा किसी गलत जगह तो नहीं लगा रही। आयकर विभाग राजनीतिक दलों के चंदे का भी हिसाब रखता है, मगर चुनावी बांड नियमों की वजह से वह भी अंधेरे में रह जाता है कि चंदे का स्रोत क्या है।

## शब्द सामर्थ्य -358

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 357 का हल



# भारत के फैसले से बढ़ी दुनिया में बासमती की मांग

**तनवीर मलिक**

पाकिस्तान में विदेशी व्यापार के आंकड़े जारी करने वाले पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स के मुताबिक़ जनवरी 2024 में देश के चावल निर्यात में 200 फीसद का इजाफा दर्ज किया गया है.

निर्यात किए जाने वाले चावलों में एक महत्वपूर्ण प्रकार बासमती चावल का है. पाकिस्तान से बासमती चावल के निर्यात में जनवरी के महीने में 64 फीसद से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई.

एक ओर पाकिस्तान से बासमती चावल के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है तो दूसरी ओर उसकी तुलना में भारत से बासमती चावल के निर्यात में कमी देखी गई है.

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक़ आने वाले महीनों में भी भारत से बासमती चावल के निर्यात में कमी का अनुमान है. दूसरी ओर पाकिस्तान से इसके निर्यात में वृद्धि जारी रहेगी. ध्यान रहे कि दुनिया भर में चावल भेजने के मामले में भारत सबसे बड़ा देश है, जबकि पाकिस्तान चावल निर्यात करने वाले दस बड़े देशों में शामिल है.

दुनिया के विभिन्न देश, बासमती चावल केवल भारत और पाकिस्तान से खरीदते हैं, क्योंकि चावल की यह विशेष और खुशबूदार किस्म इन दो पड़ोसी देशों में ही पैदा होती है.

भारत और पाकिस्तान, बासमती चावल के निर्यात में एक दूसरे का मुकाबला करने के साथ जीआई टैग के लिए भी एक दूसरे के खिलाफ केस लड़ रहे हैं. यह केस यूरोपीय यूनियन में चल रहा है.भारत के चावल निर्यात पर प्रतिबंध का असर अमेरिका तक, लेकिन ऐसा क्यों हुआ

पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स के मुताबिक़ चालू वित्तीय वर्ष के पहले सात महीनों (जुलाई 2023 से जनवरी 2024) में कुल मिलाकर पाकिस्तान से बासमती चावल के निर्यात में 36 फीसद तक की वृद्धि हुई है.

चावल निर्यात करने वालों के संगठन पाकिस्तान राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के चेयरमैन चेला राम केवलानी ने बीबीसी को बताया कि पाकिस्तान में चावल की क़रीब नब्बे लाख टन उपज होती है.

उनका कहना है कि इस उपज में से आधा यानी 45 लाख टन बासमती और बाकी दूसरे किस्म के चावल होते हैं. 45 लाख टन बासमती में से क़रीब 30 लाख टन बासमती चावल की खपत पाकिस्तान में ही है. क़रीब 15 लाख टन बासमती चावल को दूसरे देशों में भेज दिया जाता है.

केवलानी के मुताबिक़ पाकिस्तानी बासमती चावल अधिकतर अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व के देशों में निर्यात किया जाता है.

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान ढाई अरब डॉलर का चावल निर्यात किया था, जबकि चालू वित्तीय वर्ष के शुरुआती सात महीनों में 2.2 अरब डॉलर का चावल निर्यात हो चुका है. केवलानी का कहना है कि इस साल चावल निर्यात करने का पाकिस्तान का लक्ष्य तीन अरब डॉलर से अधिक का है.एक तरफ पाकिस्तान से चावल के निर्यात में इजाााफा हुआ है मगर दूसरी ओर भारत से इसके निर्यात में कमी आई है.



समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक़ भारत के चावल निर्यातक बासमती चावल के निर्यात में कमी की आशंका जता रहे हैं.

इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक़ भारत के चावल निर्यात में कमी आई है.वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों के मुताबिक़ जनवरी 2024 के महीने में भारत से चावल के निर्यात में जनवरी 2023 की तुलना में 3.3 फीसद की कमी आई है.

भारत में इस वित्तीय वर्ष के सात महीनों (जुलाई 2023 से जनवरी 2024) के दौरान चावल के निर्यात में कुल मिलाकर क़रीब आठ फीसद की कमी दर्ज की गई.

इन सात महीनों में भारत से चावल का निर्यात आठ अरब नब्बे करोड़ डॉलर से घटकर आठ अरब बीस करोड़ डॉलर का हो गया है.विशेषज्ञों के मुताबिक़ पाकिस्तान से बासमती चावल के निर्यात में इजाफे की बड़ी वजह भारत की ओर से अगस्त 2023 में बासमती चावल के निर्यात का न्यूनतम निर्यात मूल्य लागू करने का फैसला था.

अगस्त 2023 में भारत सरकार ने बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1200 डॉलर प्रति टन तय किया था. इस क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक़ इस फैसले का एक हद तक पाकिस्तानी निर्यातकों को ?ायदा हुआ.

पाकिस्तान राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी के मुताबिक़ भारत की ओर से बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य तय करने के पहले पाकिस्तान की एक्सपोर्ट प्राइस भारत से अधिक थी. उस समय भारत का बासमती चावल पाकिस्तान की तुलना में सस्ता था. इस कारण भारत को अधिक निर्यात ऑर्डर मिल रहे थे.

उन्होंने कहा कि अगस्त 2023 के उस फैसले से पहले पाकिस्तान से बासमती चावल एक हजार डॉलर प्रति टन से अधिक पर निर्यात हो रहा था जबकि भारत से यह 800 से 900 डॉलर प्रति टन की दर से जा रहा था.

उन्होंने बताया कि भारत ने अगस्त 2023 में निर्यात मूल्य को बढ़ाकर 1250 डॉलर प्रति टन कर दिया और इस फैसले का फायदा पाकिस्तान को हुआ. इसके बाद पाकिस्तान को निर्यात के अधिक ऑर्डर आने शुरू हो गए.

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान 1200 डॉलर प्रति टन से कम पर नहीं बेच सकता था, लेकिन पाकिस्तान ने एक हजार डॉलर प्रति टन में यह निर्यात शुरू कर दिया. हालांकि भारत ने बाद में इस निर्यात मूल्य को कम करके 950 डॉलर प्रति टन कर दिया लेकिन इस दौरान पाकिस्तानी निर्यातकों ने इस स्थिति का फायदा उठाया.

पाकिस्तान के अनाज क्षेत्र के विशेषज्ञ शम्सुल इस्लाम ने बताया कि भारत ने उस समय जो फैसला किया था वह अपने घरेलू बाजार में चावल की कीमत को कम रखने के लिए था ताकि चावल देश ही में रहे और आम लोगों को सस्ता मिले.

उनके मुताबिक़ दूसरी ओर इस स्थिति के कारण पाकिस्तान से बासमती चावल का निर्यात बढ़ा और वहां आम लोगों के लिए इसकी कीमत में थोड़ी वृद्धि हुई.

पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स के मुताबिक़ पिछले साल दिसंबर के महीने में पाकिस्तान में बासमती चावल की औसत कीमत 220 रुपए (भारत के 65 रुपये) प्रति किलो थी जो फरवरी के महीने के अंत में 225 रुपए प्रति किलो तक चली गई. शम्सुल इस्लाम ने बताया कि हालांकि पाकिस्तानी बासमती चावल के निर्यात में वृद्धि हुई है, लेकिन अब ईरान और अफगानिस्तान के साथ बॉर्डर खुलने के बाद पाकिस्तानी चावल वहां जा रहा है जिसकी कीमत उन बाजारों में कम है.

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में बासमती चावल खाया जाता है लेकिन वहां गैर बासमती चावल के निर्यात में इजाफा देखा गया है.

भारत के फैसले के अलावा पाकिस्तानी रुपये के मूल्य ने भी बासमती चावल के निर्यात में मदद की. उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी बासमती चावल के अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को पाकिस्तान की करेंसी के बारे में पता है.

जब पाकिस्तान निर्यातक यह चावल 1000 से 1050 डॉलर प्रति टन पर दे रहे थे तो उस समय डॉलर की कीमत पाकिस्तान में 250 रुपए थी. जब नए सौदे हुए तो डॉलर की कीमत 285 रुपये हो गई.

पाकिस्तानी निर्यातकों ने बाहर यह चावल 980 से 990 डॉलर पर देना शुरू किया. इसका मतलब है कि खरीदार को 10-20 डॉलर प्रति टन ज्यादा मिला लेकिन चावल निर्यातकों को कोई नुकसान नहीं हुआ. इसकी वजह यह रही कि उन्हें रुपए में जो रिटर्न मिला वह अधिक था. दूसरी ओर अधिक निर्यात करने की वजह से उन्हें फायदा हुआ.%%

उपमहाद्वीप में बासमती चावल की उपज का इतिहास क़रीब दो सौ वर्ष पुराना है. इसकी पैदावार उपमहाद्वीप के खास क्षेत्रों में ही होती है.

यहां पैदा होने वाले बासमती चावल का अलग फायदा और खुशबू है. इसकी उपज का ऐतिहासिक क्षेत्र चिनाब और सतलुज नदियों के बीच का हिस्सा है. हालांकि आजकल बासमती चावल की खेती परंपरागत क्षेत्रों से बाहर भी की जा रही है.

चेला राम केवलानी ने बताया कि पाकिस्तान में बासमती चावल के परंपरागत क्षेत्रों के अलावा अब इसकी खेती सिंध के ऊपरी इलाके में भी की जाती है। भारत में भी इसकी खेती परंपरागत क्षेत्रों के अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी की जा रही है.

चेला राम ने पाकिस्तानी बासमती चावल की कामयाबी की वजह इसकी क्वालिटी और पैकेजिंग बताई. उनके मुताबिक़ पाकिस्तान के बासमती चावल की क्वालिटी भारत के बासमती के मुकाबले बेहतर है. उनके मुताबिक़ इसकी वजह पाकिस्तान में कीटनाशकों का कम छिड़काव है.

उन्होंने कहा कि यूरोप में इस बात पर बहुत जोर दिया जाता है कि फसलों पर किन दवाओं का और किस तरह छिड़काव किया जाता है.

उन्होंने बताया कि इसी तरह पाकिस्तान में बासमती की एक नई वैरायटी 1121 को भी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में बहुत पसंद किया गया है. इसने पाकिस्तान से बासमती चावल के निर्यात में मदद की है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम:90 राजा जनक की घोषणा का लक्ष्मण जी द्वारा प्रतिवाद

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजा जनक खिन्न, चिंतित और उदास हैं। इस स्वयंवर सभा की सुनिश्चित विफलता को लेकर उनके चेहरे पर पीड़ा के भाव हैं। मंच के पास लक्ष्मण जी अपने स्थान से उठ खड़े हुए हैं। राजा जनक का ध्यान उधर आकर्षित हुआ।

लक्ष्मण जी ने स्पष्ट शब्दों में कहना प्रारंभ किया,''मैं क्षमा चाहता हूं महाराज, इस स्वयंवर सभा का वांछित परिणाम नहीं निकलता देखकर आपको स्वाभाविक कष्ट हो रहा है, लेकिन मिथिला नरेश को इस तरह से धरती के प्रत्येक वीर की वीरता के प्रति संदेह रखना उचित नहीं है।''

लक्ष्मण जी महाराज जनक से अकेले तर्क करने का साहस कर रहे हैं। एक तरह से यह उनके निष्कर्ष को चुनौती है कि अभी भी इस स्वयंवर सभा में कुछ शेष रह गया है। लक्ष्मण जी के ऐसा कहने पर प्रजा में फिर से हलचल शुरू हो गई। राजकुमारी सीता का मन हर्षित हो गया, क्योंकि उन्हें यह विश्वास था कि इस स्वयंवर सभा का अभी समापन नहीं हुआ है और उनके पिता के संकल्प की अवश्य रक्षा होगी।

प्रजा में भी लक्ष्मण जी के इन उद्गारों पर मिश्रित प्रतिक्रिया हुई। कुछ लोग महाराज जनक के उद्बोधन के बाद लक्ष्मण जी के बोलने को अनावश्यक बताने लगे, तो कुछ लोग उन्हें आगे बोलने का अवसर देने की बात करने लगे



क्योंकि जिन लोगों ने श्री राम और लक्ष्मण जी से पिछले दिनों में भेंट की है,वे उनसे अत्यंत प्रभावित हैं। वे इन दोनों कुमारों के मिथिला आगमन को अत्यंत शुभ मान रहे हैं।

लक्ष्मण जी की बातें सुनकर महाराज जनक ने कहा, ''आपको क्षमा मांगने की कोई आवश्यकता नहीं है कुमार! आप अपनी बात स्पष्ट रूप से कहें। मैंने तो केवल अपनी निराशा व्यक्त की है और यह अस्वाभाविक नहीं है।''

''हे राजन! आपकी बात परिस्थितिवश भले सही हो सकती है, लेकिन आप इसका धरती के प्रत्येक वीर के लिए सामान्यीकरण नहीं कर सकते हैं। आपकी घोषणा धरती के उस प्रत्येक वीर के लिए चुनौती है, जिसे अपने बाहुबल पर विश्वास है। मुझे आश्चर्य है कि श्री राम के यहां उपस्थित रहते हुए भी आपने इस धरती के वीरों से रहित होने की घोषणा कर दी है। वैसे श्री राम को तो इस कार्य के लिए कष्ट करने की आवश्यकता नहीं है, अगर मैं चाहूं, तो श्री हरि की कृपा और शिवजी की अनुमति से यह धनुष उठाना क्या, मैं इस पूरे ब्रह्मांड को हिला सकता हूं। मैं इस धरती के विशाल पर्वतों के दर्प को पलक झपकते ही चूर-चूर कर सकता हूं।''

ऐसा कहते हुए लक्ष्मण जी के मुख मंडल पर एक अपूर्व तेज व्याप्त हो गया। उनकी भुजाएं फड़कने लगीं। उनका पूरा शरीर कंपायमान हो गया। दसों दिशाओं में जोरों की महाध्वनि हुई। धरती हिलने लगी और आसमान में भयंकर चक्रवात के बवंडर उठने लगे। राजाओं के आसन डोलने लगे।क्या शेष जी के फणों में कोई असामान्य हलचल हो रही है?

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस मौलिक रचना में रामकथा का मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



# थायरॉइड के मरीजों के लिए अमृत से कम नहीं धनिया का पानी, रोजाना पीने से मिलेंगे कई फायदे



रोजाना घरों में कई मसालों का उपयोग किया जाता है। हल्दी, मिर्ची, दालचीनी, धनिया आदि। ये सभी मसाले खाना का स्वाद बढ़ाने में काम आते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि इनमें कई औषधीय गुण भी होते हैं।

धनिया के बीजों को सुखाकर और फिर पीसकर उसका मसाला बनाया जाता है, जो खाने का स्वाद दोगुना कर देता है। इतना ही नहीं, इसके बीज का इस्तेमाल किया जाए या पत्तियों का दोनों की सेहत को बहुत लाभ पहुंचाते हैं। धनिया में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जैसे- आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम, विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-के आदि। इसलिए सुबह खाली पेट धनिया के बीज का पानी पीना बहुत लाभदायक माना जाता है। आइए जानते हैं, धनिया के बीच का पानी पीने के फायदे।

थायरॉइड के मरीजों के लिए धनिया का पानी अमृत से कम नहीं है। इसे रोजाना खाली पेट पीने से थायरॉइड को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

सुबह खाली पेट धनिया का पानी पीने से पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर हो जाती है। यह एसिडी की समस्या होने से रोकता है, जिससे जलन, गैस आदि जैसी परेशानियां नहीं होती।

धनिया का पानी पीने से वजन भी नियंत्रित रहता है। इसमें मौजूद हाई फाइबर कंटेंट से पेट काफी समय तक भरा रहता है, जिससे भूख नहीं लगती और वजन भी कंट्रोल रहता है।

### पीरियड पेन कम होता है

पीरिड्स के दौरान होने वाले दर्द और पेट की एंठन को दूर करने के लिए धनिया का पानी सबसे अच्छा विकल्प है।

### स्कीन के लिए भी फायदेमंद

कई सारे न्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर धनिया का पानी रोजाना पीने से स्किन की समस्या दूर होती है। इससे स्किन की रंगत भी निखरती है और एंजिंग भी स्लो हो जाती है।


### ब्लड शुगर कंट्रोल होता है

धनिया के बीज में हाइपोग्लाइसीमिक गुण पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखते हैं। रोजाना धनिया का पानी का सेवन डायबिटीज के रोगियों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### सूजन कम करें

धनिया के बीज में पाए जाने वाले एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

## राशिफल



**मेष**

आज आपको आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिल सकती है। आज अपनी काबिलियत से काम को सरलतापूर्वक पूरा कर लेंगे। कुछ लोग आपके लिए खास साबित हो सकते हैं साथ ही किसी जरूरी काम में आपको दोस्तों का स्पोर्ट भी मिल सकता है। आज खुद को सही साबित करने का अच्छा दिन है।




**वृषभ**

आज आपको अपने करियर में बदलाव लाने के लिए कुछ नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस राशि के जातकों को राजनीति के क्षेत्र में सफलता मिले सकती है। आज आपको किसी से उपहार भी मिल सकता है। सेहत के मामले में आप खुद को फिट महसूस करेंगे। आज आपके सारे रूके हुए जरूरी काम पूरे हो जाएंगे।




**मिथुन**

आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज आपको वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कारोबारी की व्यावसायिक साझेदारी में अपनों से सलाह जरूर लें, ऐसा करने से आपको आज काफी फायदा हो सकता है।



**कर्क**

आज आपका दिन बेहद ही शुभ रहेगा। आज आपके कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होता नजर आएगा। आज दोस्तों के साथ बिगड़े हुए रिशतो में भी सुधार आ सकता है। आपका भौतिक सुख-सुविधाओं की तरफ रूझान बढ़ सकता है। आगर आज आपके मन में कोई बात दबी हुई हो तो उसे खुलकर सामने लाएं।



**सिंह**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज का दिन किसी खास कामों के लिए बेहतर है। आपके अच्छे अनुभव के कारण आपके साथी आपसे कुछ सलाह ले सकते हैं। आज घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। या आज शाम को आप घर पर पार्टी का प्लान भी बना सकते हैं। आपको रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।




**कन्या**

आज अपको शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति मिल सकती है। अपने कॉन्फिडेंस को जरा भी कम होने ना दें ऐसा करने से आपके लगभग हर काम सफल होंगे। साथ ही आज आपका भाग्य भी आपका साथ देगा और कुछ अच्छे मौकों के अवसर भी आपको मिल सकते हैं। कला या किसी रचनात्मक काम में आपका रूझान बढ़ेगा।




**तुला**

आज का दिन आपके फेवर में रहेगा। आज आप किसी भी जरूरी कामकाज को निपटाने में सफल होगें। लेकिन थोड़ी काम की उलझनों में आप फंस सकते हैं। आपको आज कोई बड़ा और अलग काम करने से बचना चाहिए। आपसे छुपी हुई कुछ बातें आज आपके सामने भी आ सकती हैं।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपके काम बनेंगे। किसी दूसरे का उत्साह देखकर आप उत्साहित हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स अगर किसी नए कोर्स में एडमिशन लेना चाह रहे हैं, तो आज का दिन बेहद शुभ है। आज आप दूसरों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करेंगे।



**धनु**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको आज अचानक धन का भी लाभ हो सकता है। आय के नए स्रोत सामने आएंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेगा। इससे आपका मन खुश हो जाएगा। घर का माहौल भी खुशनुमा बना रहेगा।




**मकर**

आज आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। अगर आप संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नए रास्ते नजर आ सकते हैं। आज आपको अपने जीवनसाथी से कोई ऐसी चीज भी मिल सकती है, जिसका आपको बहुत दिनों से इंतजार था। किसी पुराने मित्र से भी आज आपकी मुलाकात हो सकती है।



**कुंभ**

आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आपके सोचे हुए सारे काम पूरे होंगे। इसके अलावा आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के बारे में भी विचार कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता का रस घुलेगा। आपके मन में सकारात्मकता रहेगी। इससे आपको काफी फायदा भी होगा।



**मीन**

आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आपको ऑफिस में अपने काम की प्रशंसा के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को धन लाभ के मौके मिल सकते हैं। लेकिन शाम तक मूड़ ठीक हो जाएगा।

# जिले में सरकारी विभागों के ऊपर 14 करोड़ से अधिक बिजली बिल बकाया विद्युत मंडल ने जारी किया नोटिस

## नगरीय निकाय, जनपद, स्वास्थ्य, शिक्षा और पुलिस विभाग के बिल पेंडिंग, विभाग ने दिया बिजली काटने का दिया गया अल्टीमेटम

**यतेन्द्रजीत सिंह 'छोटू'**

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ जिले में शासकीय विभागों का बिजली बिल समय पर नहीं जमा होने के चलते इन विभागों के ऊपर 14 करोड़ रू से अधिक के बिल पेंडिंग पड़े है। शासकीय विभागों में सबसे ज्यादा बकाया ग्राम पंचायतों के नल जल कनेक्शन का है। इसके बाद ग्राम पंचायतों में जलने वाली बत्ती का भी बिल बकाया है। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनपद पंचायत में बिल बकाया है।




बिल जमा करने के लिए बिजली विभाग द्वारा नोटिस थमाकर कनेक्शन काटे जाने का अल्टीमेटम दिया गया है। जिले में शासकीय कार्यालयों का बिल कई माह से लंबित है। इसमें नगर पालिका, पंचायत से लेकर पुलिस विभाग, जेल विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समेत करीब 36 विभाग शामिल है। इन विभागों के ऊपर बकाया बिल करीब 13 करोड 90 लाख है, हर माह बिजली विभाग द्वारा बिल भुगतान करने के लिए नोटिस थमाया जा रहा है। बिजली विभाग द्वारा विभागों को बकाया भुगतान के लिए पत्र जारी किया गया है।। विभागों द्वारा शासन से राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान किया जाता है। ऐसे में बिजली बिल की राशि करोड़ों में पहुंच गया है। बिजली विभाग द्वारा जिन विभागों का बिजली बिल बकाया है। उन्हें लगातार नोटिस भेजा जा रहा है। पूरे जिले में शासकीय कार्यालयों में 13 करोड़ 90 लाख 56 हजार 928 रुपए का बकाया है।

### निजी संस्थानों भवनों और हितग्राहियों से हर माह हो रही सख्ती से वसूली

बिजली विभाग शासकीय विभागों से बिल वसूलने में भले ही पीछे है। लेकिन जिले के निजी बिजली उपभोक्ताओं और निजी संस्थानों से बकाया वसूलने मे विभाग पीछे नहीं है। निजी हितग्राहियों के बिल पेंडिंग होने पर विभागीय कार्यवाही भी त्वरित रूप से होती है। ऐसे में निजी संस्थानों भवनों के साथ उपभोक्ताओं को हर माह अपना बिल जमा कराना पड़ रहा है। बिल में देरी पर विभागीय कर्मचारी त्वरित रूप से कनेक्शन काटने की कार्यवाही भी करते है। ऐसे में शासकीय विभागों पर करोड़ों के बकाया बिलों पर कार्यवाही करने विभाग भी कोई दिलचस्पी नही दिखा रहा है।

विद्युत मंडल से मिली जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय नल जल-27361632 रु., पुलिस विभाग-16771130 रु., नगरीय निकाय सड़क बत्ती-7313461 रु., ग्राम पंचायत नल जल-6158042रु., नगरीय निकाय नगर पालिका- 5982816 रु., चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग-5568532 रु., स्कूल शिक्षा विभाग-2731639 रु., महिला एवं बाल विकास-2662944 रु., जल संसाधन विभाग-1956883 रु., पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग-1927450 रु., वन विभाग -1148566 रु. का बिल बकाया है।

> ज्यादा बकाया होने पर प्रतिमाह में बिल जमा करने के लिए पत्र जारी किया गया जा रहा है। फरवरी माह में जिन विभागों ने बिल जमा नहीं किया है, उन्हें रिमाइंडर पत्र जारी किया जाएगा।
>
> **- छगन शर्मा कार्यपालन, अभियंता छग विद्युत मंडल खैरागढ़**

# खुले में शौचमुक्त स्थायित्व बनाये रखने कलेक्टर ने किया प्रेरित



**सरपंच, सचिवों की ली बैठक**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने विकासखण्ड अम्बागढ़ चौकी के सरपंच सचिवों की बैठक लेकर खुले में शौचमुक्त बनाये रखने प्रेरित किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल स्थायित्व के संबंध जनपद पंचायत अं. चौकी के सभा कक्ष में ग्राम पंचायत सरपंच सचिव की संयुक्त बैठक लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों में बेहतर स्वच्छता सेवा प्रदान करने कहा। युजर चार्ज लिये जाने पर विशेष बल देते हुए स्वच्छता हेतु व्यवहार परिवर्तन करने प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान देवें।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल को स्थायित्व प्रदान करने के लिए स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम ग्राम पंचायत चिल्हाटी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे स्वच्छता गतिवविधि को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता रैली चिल्हाटी के बस स्टैंड से कला मंच तक किया गया। जिसमें स्वच्छता दीदीयों द्वारा रैली,स्वच्छता स्लोगन के साथ प्रेरित किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सुरूचि सिंह द्वारा दुकानदारों से स्वच्छता बनाये रखने एवं दुकानों से निकलने वाली सूखा कचरा डस्टबीन में रखने जाने के संबंध में चर्चा किया गया। कचरा बाहर फेकनें पर जुर्माना प्रवधान के बारे में बताया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजनांदगांव द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई वर्क शेड ग्राम पंचायत चिल्हाटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता दीदीयों से सामूहिक चर्चा कर, कचरे का एकत्रीकरण, विकय एवं आमदानी पर भी चर्चा किया गया।

ब्लॉक अं. चौकी ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल स्थायित्व की ओर अग्रसर कार्यकम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सुरूचि सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हेमेन्द्र भुआर्य., सी.ई.ओ. जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी प्रियंवदा रामटेके, थाना प्रभारी चिल्हाटी सुशील त्रिपाठी, विकासखण्ड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चन्द्रशेखर सिन्हा, सरपंच जीतलाल चन्द्रवंशी, सचिव चिरंजीव यादव, ग्राम पंचायत चिल्हाटी के सभी पंच स्वच्छाग्राही दीदी एवं ग्राम पटेल ग्रामीणजन के साथ ही वाटरएड से जिला समन्वयक राजू राठौर एवं वाटरएड टीम, एबीएस ग्रुप 'पहल' की टीम स्वच्छता जागरूकता कार्यकम में उपस्थित रहें।

# ग्रामीण अंचल के घनी बस्ती में पहुंचा भालू

**पलांदुर में भालू के आने से घंटो दहशत में रहे ग्रामीण**



डोंगरगढ़ (दावा)। समीपस्थ ग्राम पलांदुर में सुबह 8 बजे भालू के दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगल से भटककर भालु खाना - पानी की तलाश में सुबह-सुबह ग्राम पलांदुर पहुंच गया।ग्रामीणों ने भालु को देखा तो गांव में अफरा तफरी मच गई।

ग्रामीणों द्वारा सुचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग का अमला के गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। उपसरपंच जितेंद्र गेंद्रे व ग्रामीणों ने बताया की, भालू तीन घंटे तक एक झोपड़ी में घुसा रहा। गांव पहुंचा वन अमला भालु को पकड़ने में नाकामयाब रहा। ग्रामीण विभागीय अमले के साथ भालू को गांव से दूर खदेड़ने का प्रयास करते हुए दिखाई दिए। जैसे-तैसे भालु को ग्राम डारागांव, ठाकुरटोला सलोनी से ढारा होते हुए घने जंगल की ओर भेजा गया। तब कही ग्रामीण, वन विभाग व पुलिस अमले ने राहत की सांस ली।

# युवा गायक अभि कौशिक के भजन संध्या में झूमे ग्रामीण

घुमका (दावा)। इवेंट डेकोरेशन के समागम से भजन संध्या कार्यक्रम में रौनकता आई गौरव ग्राम घुमका महाराणा प्रताप चौक में शिव मंदिर के पास राजनांदगांव वाले युवा गायक कलाकार अभि कौशिक का भजन संध्या कार्यक्रम महाकाल सेना के तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम 9 बजे प्रारंभ हुआ जो रात्रि 1.30 तक चला भजन संध्या कार्यक्रम को ग्रामीणों ने खूब सराहा और कार्यक्रम के समापन तक जमे रहे।



कार्यक्रम के माध्यम से कलाकार कौशिक ने लोगों में भक्ति का भाव जगाने का भरपूर प्रयास किया। उन्होंने भजन में लीन होकर दर्शक श्रोताओं के बीच पहुंचकर भजन को सजग श्रवण के लिए प्रेरित करते रहे। कौशिक के भजन भोला भाए हे तो ला बेल पत्तियां ने तालियां बटोरी। उन्होंने इस भजन को झूम झूम कर गाया कार्यक्रम के अंतिम दौर में सभी दर्शक श्रोता गण भजन के साथ-साथ झूमने नाचने लगे ग्रामीण। भजन संध्या कार्यक्रम का खूब आनंद लिया व आयोजन समिति के इस कार्यक्रम को सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल व अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य दिलीप पटेल सरपंच फूलमती वर्मा, फिरंता कौशिक, दानी वर्मा थे। कार्यक्रम प्रारंभ से पहले अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले अपने उद्बोधन में विधायक श्रीमति बघेल ने कहा कि एकता में बल है, एक संगठन के माध्यम से बाद से बड़ा कार्य किया जा सकता है। महाकाल सेना ने भजन संध्या का बड़ा आयोजन कर सिद्ध किया है। उन्होंने महाकाल सेना की तारीफ की, दर्शकों को जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा एवं सरपंच फूलमती वर्मा ने भी संबोधित कर भजन संध्या कार्यक्रम की प्रशंसा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महाकाल सेना के गौरव शर्मा, शुभम शर्मा, रंजन सिंह राजपूत, आयुष्मान सिंह, तरुण पटेल, टार्जन वर्मा, विवेक मानिकपुरी एवं गीतांशु मानिकपुरी की विशेष भूमिका रही।

# आज तुमड़ीबोड़ में किसान कांग्रेस करेगा लोस प्रत्याशी व पूर्व सीएम भूपेश बघेल का स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को राजनांदगांव से होते हुए दोपहर तीन बजे डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इस बीच जिला किसान कांग्रेस तुमड़ीबोड़ में उनका स्वागत करेगा। इसकी तैयारियां तेजी से जारी है।

**अध्यक्ष मदन साहू ने कहा - उनकी लोकप्रियता का फायदा मिलेगा, बड़े अंतर से जीतेंगे**



किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि - संगठन के सभी पदाधिकारी और वरिष्ठ कांग्रेसी की मौजूदगी में तुमड़ीबोड़ में आतिशबाजी के साथ पूर्व सीएम भूपेश बघेल अभिवादन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी कांग्रेसजनों से इसमें शामिल होने की अपील की है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस का सांसद प्रत्याशी घोषित किए जाने पर जिला किसान कांग्रेस ने हर्ष व्यक्त किया है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि - संसदीय क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता का फायदा पार्टी को मिलेगा और निश्चित ही वे बड़े अंतराल से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने अपने कार्यकाल में इस संसदीय क्षेत्र को कई बड़ी सौगातें दी हैं। जबकि उनके प्रतिद्वंदी सांसद संतोष पांडेय अपनी निष्क्रियता के चलते 5 सालों में भी अपनी पहचान नहीं बना पाए हैं। उन्हें लेकर लोगों में भारी नाराजगी है जिसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि - पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की ऐतिहासिक सौगात इस संसदीय क्षेत्र को दी। उनकी सरकार ने किसानों को सबसे अधिक समर्थन मूल्य दिया। महिलाओं को विहान और गौठान योजनाओं से जोड़कर स्वालंबित किए जाने का प्रयास सरकार ने किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने युवाओं को ढाई हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया। गोधन न्याय योजनाओं के सहारे उन्होंने गौसेवकों और गांव की घुरवा-बारी से जुड़ी पारंपरिक कृषि को मजबूत किया। ऐसी दर्जनों उपलब्धियां हैं जिनके चलते उन्हें छत्तीसगढ़ियावाद का चेहरा माना जाता है। पूरे देश में उन्होंने अपने ऐतिहासिक निर्णयों से यही पहचान बनाई है जिसका सम्मान हर छत्तीसगढ़िया करता है।

चुनाव को लेकर मदन साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जिला किसान कांग्रेस ने राज्य की कांग्रेस सरकार की योजनाओं को गांव-गांव घर-घर पहुंचाने का काम किया था। बकायदा रथ के सहारे योजनाओं का प्रचार प्रसार किए जाने के साथ ही गांवों में चौपाल और सभाएं की गई। इसका फायदा विधानसभा चुनाव में मिला और बड़ी जीत प्रत्याशियों को हासिल हुई। लोकसभा चुनाव- 2024 में भी हमारे प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए किसान कांग्रेस अपना पूरा जोर लगा देगी। जिले की सभी विधानसभा सीटों पर किसानों को साथ लेकर किसान कांग्रेस बड़ी जीत लेकर आएगी।

# मोखला स्कूल में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला संकुल भर्रेगांव में 9 मार्च को गांव में पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा वृक्षारोपण एवं वनों के संरक्षण का संदेश रैली के माध्यम से दिया गया। इस अवसर पर इको क्लब द्वारा शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। एवं पौधो की सुरक्षा हेतु जाली तार से घेरा गया एवं पौधो में पानी डाला गया। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी डी. के. चंद्राकर, डी. के. नामदेव, आर. के. यादव, श्रीमती अनुसूईया यादव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छुईखदान शिवालयों में भगवान भोलेशंकर की पूजा, शोभायात्रा, भंडारा संपन्न

छुईखदान (दावा)। फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 08 मार्च 2024 शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में भक्तों ने भगवान भोले शंकर जी की पूजा किये। रानी मंदिर समिति छुईखदान के लतारानी लाल जे.के. वैष्णव ने जानकारी दी कि भक्तों ने भगवान भोले नाथ को सुबह से दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल से स्नान कराकर फुडहर, धतुरा, कनेर, बेलपत्र, पुष्प अर्पित कर चंदन-बंदन का लेप कर चांवल, चनादाल, श्रीफल भेंट कर कपूर, अगरबत्ती, दीप से आरती कर एवं जयकारें से अभिषेक पूजा किये।



शिवालयों में महामृत्युंजय मंत्र जाप, शिव तांडव स्त्रोत पाठ, रूद्राष्टकम पाठ के साथ ही ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं से मंदिर परिसर गुंजित रहा। आतिशबाजी बाजे-गाजे एवं नृत्य करते हुए भगवान भोलेशंकर मां पार्वती वेश-भूषा से रथ में बैठाकर शोभायात्रा टिकरीपारा, बाजार लाइन, राजमहल, कैलाश मंदिर, शिव समाज मंदिर बड़े तालाब, सिद्धेश्वर महादेव, रानी मंदिर स्थित शिवालयों में भ्रमण किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे। वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के.वैष्णव ने प्रतिवर्षानुसार शोभायात्रा, भंडारा, शिवालयों में भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति पर प्रसन्नता एवं हार्दिक आभार जताया।

शिव समाज मंदिर में बजरंग मानस मंडली जय मां काली जस भजन पार्टी द्वारा संध्या कीर्तन में भक्तिमय गीतों, भजन की प्रस्तुति दी गई।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में सूत्रकृमि जागरुकता दिवस - सह कृषक प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में सूत्रकृमि जागरूकता दिवस - सह कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने सूत्रकृमि का नियंत्रण से मृदा में गहरी जुताई एवं प्राकृतिक खेती के लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से वातावरण एवं मृदा की उपजाऊ क्षमता, मृदा में उपस्थित विभिन्न प्रकार के सूक्ष्मजीव एवं देशी केचुओं की संख्या में वृद्धि होती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के वैज्ञानिक मल्लिकार्जुन ने फसलों में सूत्रकृमि की पहचान, उसके लक्षण, उससे होने वाले हानि तथा सूत्रकृमि से फसलों को नियंत्रण के लिए विभिन्न भौतिक, जैविक व रासायनिक प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन/ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, राजनांदगांव**

# राजनांदगांव के 132 के.व्ही. अति उच्चदाब उपकेन्द्र में 63 एम.व्ही.ए. नये पॉवर ट्रांसफार्मर को किया गया ऊर्जीकृत

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन की मंशानुरूप समूचे छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा पारेषण व वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण एवं क्षमता वृद्धि का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।



**राजनांदगांव शहर व ग्रामीण, दुर्ग एवं बालोद जिले के 95 हजार उपभोक्ता होंगे लाभान्वित**

इसी कड़ी में राजनांदगांव शहर के पार्रीनाला स्थित 132/33 के.व्ही. अति उच्चदाब उपकेन्द्र में 40 एम.व्ही.ए. के पॉवर ट्रांसफार्मर का क्षमता में वृद्धि करते हुए लगभग 4 करोड़ 64 लाख रूपये के लागत से 63 एम.व्ही.ए.के नये पॉवर ट्रांसफार्मर को ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेन्द्र कुमार शुक्ला के करकमलों द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता सबस्टेशन आनंद राव, राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम. जामुलकर, अधीक्षण अभियंता ट्रांसमिशन सुनील कुमार भुआर्य, कार्यपालन अभियंता वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। राजनांदगांव 132/33 के.व्ही. अति उच्चदाब उपकेन्द्र के कार्यपालन अभियंता वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस उपकेन्द्र क्षमता 80 एम.व्ही.ए से बढ़कर 103 एम.व्ही.ए. हो गया है। इस 63 एम.व्ही.ए. के नये पॉवर ट्रांसफार्मर के क्रियाशील हो जाने से इस उपकेन्द्र से निकलने वाले 33 के.व्ही. फीडरों राजनांदगांव एक, राजनांदगांव दो, आर.के. नगर, कंचनबाग, दुर्ग एक, दुर्ग दो, साई केमिकल, चिखली, इंडर्स्ट्रियल एवं परसुली के माध्यम से राजनांदगांव शहर, सोमनी, सिंघोला, दुर्ग, बालोद क्षेत्र के लगभग 95 हजार उपभोक्ताओं को बेहतर गुणावत्ता की बिजली पर्याप्त वोल्टेज पर प्राप्त होगी। साथ ही लो वोल्टेज एवं लाईन में व्यवधान की समस्या दूर होगी।

# भारत ने पांचवां टेस्ट पारी और 64 रन से जीता, सीरीज पर 4-1 से कब्जा, 100वें टेस्ट में चमके अश्विन

धर्मशाला। भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हारा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से जीत ली। गुरुवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। पहली पारी में इंग्लैंड 218 और टीम इंडिया 477 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को दूसरी पारी में 259 रन की बढ़त मिली, इंग्लैंड टीम 195 रन पर ही सिमट गई। इस तरह इंग्लिश टीम को पारी और 64 रन से हार का सामना करना पड़ा। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने मैच में 9 विकेट लिए।

यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है। ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार 10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है। भारत को आखिरी बार होम कंडीशन्स में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने भारत को भारत में 2-1 से हराया था। उसके बाद से टीम इंडिया अपने घर में कोई भी सीरीज नहीं हारी है और लगातार 17 बार प्रतिद्वंद्वी टीम को ढेर किया है।

### टीम इंडिया 4-1 से सीरीज जीती

भारत ने इंग्लैंड को सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में पारी और 64 रन से हरा दिया। टीम इंडिया ने सीरीज पर 4-1 से कब्जा कर लिया। इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में जो रूट 84 रन बनाकर आउट हुए। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके, इसलिए टीम 259 रन भी हासिल नहीं कर सकी।

भारत से दूसरी पारी में रविचंद्रन अश्विन ने 5 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला। भारत के लिए पहली पारी में शुभमन गिल ने 110, रोहित शर्मा ने 103, यशस्वी जायसवाल 57, देवदत्त पडिक्कल ने 65 और सरफराज खान ने 56 रन बनाए। इंग्लैंड से शोएब बशीर ने 5 विकेट लिए। जेम्स एंडरसन और टॉम हार्टले ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट कप्तान बेन स्टोक्स को भी मिला। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में जैक क्रॉले 79 रन बनाकर आउट हुए। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके, इसलिए टीम 218 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत से पहली पारी में कुलदीप यादव ने 5 और रविचंद्रन अश्विन ने 4 विकेट लिए। एक सफलता रवींद्र जडेजा को भी मिली।




### घरेलू मैदान पर 17वीं सीरीज जीती

यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है। ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार 10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है। भारत को आखिरी बार होम कंडीशन्स में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने भारत को भारत में 2-1 से हराया था। उसके बाद से टीम इंडिया अपने घर में कोई भी सीरीज नहीं हारी और लगातार 17 बार प्रतिद्वंद्वी टीम को ढेर किया।

# मिस चेक रिपब्लिक के सिर सजा मिस वर्ल्ड का खिताब, मिस लेबनान रहीं फर्स्ट रनर अप

नई दिल्ली। 71वें मिस वर्ल्ड का ग्रैंड फिनाले आज 9 मार्च को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में हो रहा है। इसमें सिनी शेट्टी भारत को रिप्रजेंट कर रही हैं। बता दें कि पूरे 28 साल बाद भारत को इस शानदार इवेंट की मेजबानी करने का मौका मिला है, जिसे करण जौहर और फिलीपींस की मिस वर्ल्ड 2013 मेगन यंग होस्ट कर रहे हैं।



### रेस से बाहर हुईं सिनी शेट्टी

मिस वर्ल्ड 2024 के फिनाले में भारत को रिप्रजेंट कर रही सिनी शेट्टी ने टॉप 8 में अपनी जगह बनाई, लेकिन इसके बाद टॉप 4 से बाहर हो गईं। अब टॉप 4 में मिस त्रिनिदाद एंड टोबैगो, मिस बोत्सवाना, मिस चेक रिपब्लिक और मिस लेबनान हैं।

### इन सितारों ने दी परफॉर्मेंस

मिस वर्ल्ड 2024 के ग्रैंड फिनाले में सिंगर शान ने अपना गाना 'तू आज की नारी' गाकर रंग जमा दिया। बता दें कि इस गाने को सिंगर ने खुद ही कंपोज किया है। वहीं, शान के अलावा फिनाले में टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ ने भी परफॉर्मेंस दी। नेहा कक्कड़ ने 'काला चश्मा' गाना गाया, तो टोनी ने 'धीमे-धीमे' गाकर महफिल में रंग जमाया।

### 12 जजों का पैनल तय करेगा मिस वर्ल्ड का विनर

मिस वर्ल्ड फिनाले 2024 को इस बार 12 जजों का एक पैनल जज कर रहा है। इसमें एक्ट्रेस कृति सेनन और पूजा हेगड़े, फिल्म मेकर साजिद नाडियाडवाला, एक्ट्रेस और सोशल वर्कर अमृता फड़नवीस, विनीत जैन, क्रिकेटर हरभजन सिंह, मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन की सीईओ जूलिया मॉर्ले सीबीई, जर्नलिस्ट रजत शर्मा, समेत कई लोग शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ में आर्टिकल 370 मूवी टैक्स फ्री, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया

रायपुर। छत्तीसगढ़ में आर्टिकल 370 मूवी को टैक्स फ्री कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित मैग्नेटो माल में आर्टिकल 370 फिल्म देखने पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने ये घोषणा की है। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय और मंत्रिमंडल के सहयोगी कृषि मंत्री रामविचार नेताम और वन मंत्री केदार कश्यप समेत विधायकगण भी मौजूद रहे।

इस संबंध में चर्चा करते हुए सीएम साय ने कहा कि हमारी विचारधारा एक देश, एक विधान, एक निशान को लेकर है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 इस बुनियादी विचारधारा से असंगत थी।

हमारे नेताओं ने आजादी के बाद से ही इसका कड़ा विरोध किया। धारा 370 को हटाने का संकल्प हमने लिया था। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह संकल्प पूरा हुआ। आज कश्मीर शांति की ओर बढ़ रहा है। भारत की एकता को लेकर यह बड़ा काम मोदी ने किया।

उन्हेंने कहा कि मूवी में कश्मीर के हालात को बहुत अच्छी तरह से दिखाया गया है और यह बताया गया है कि किस तरह से आर्टिकल 370 की वजह से कश्मीर विकास की राह में पिछड़ रहा था और इसे खत्म करने के लिए हमारे नेताओं ने कितना कठिन संघर्ष किया। इस मौके पर सांसद सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, खुशवंत साहेब और संपत अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह जनवरी का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 1 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके तहत 11 मार्च को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान नगर वार्ड नं.19 के लिये सामुदायिक भवन गली नं. 5 आनंद विहार कालोनी में, स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिये पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में शिविर का आयोजन किया गया है।

# पाटेकोहरा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

छुरिया (दावा)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर विकासखंड छुरिया के पाटेकोहरा (चिचोला) ग्राम में आकाश महिला एवं विद्यार्थी संस्थान लाल बहादुर नगर के बैनर तले महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त मातृ शक्तियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, विशिष्ठ अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना, ग्राम पंचायत पाटेकोहरा का सरपंच प्रतिनिधि दुर्योधन साहू, भाजपा कार्यकर्ता शैंकी बग्गा, महिला आरक्षक श्रीमती ए.पी.शीला, संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिन्हा ने भगवान भोलेनाथ के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर, शिवलिंग पर जल चढ़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिन्हा ने अपने उद्बोधन से आए हुए अतिथियों का स्वागत किए। समस्त अतिथियों का हार फूल एवम बैच के माध्यम से स्वागत किया गया। तत्पश्चात चिचोला थाना से पधारी श्रीमती ए.पी.शीला ने महिलाओं को संघर्ष करने एवम एकजुट होकर कार्य करने की बात कही।उन्होंने आगे बताया कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं सफलता का एक नया इतिहास लिख रही है। कार्यक्रम को जिला भाजपा के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने समाज में महिलाओं के योगदान को रखंकित किया। उन्होंने बताया की महिलाएं आज देश का कर्णधार है। उनके सहयोग के बिना एक सशक्त भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।



छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्री भरत वर्मा ने महिलाओं को सरकार द्वारा प्रदान किए गए सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने इन योजनाओं को समझकर उनका लाभ उठाकर अपने जीवन को उन्नत उठाने की बात कही। उन्होंने बताया की आज भारत सरकार देश की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात काम कर रही है। कार्यक्रम को शैंकी बग्गा, एवम श्री दुर्योधन साहू ने भी संबोधित किए। अंत में सामाजिक कार्यकर्ता परमजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन एवम आभार प्रधान करते हुए कार्यक्रम की घोषणा की। आकाश महिला एवं विद्यार्थी कल्याण संस्थान लाल बहादुर की ओर से समस्त मातृ शक्ति एवं नारी शक्तियों को प्रतीक चिन्ह को सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने वाले पुरुष वर्ग को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रीमा सिंह, श्रीमती ज्योताना कौर, श्रीमती भान बाई, श्रीमती यशोदा सिन्हा, श्रीमति सवाना बाई, श्रीमती चंपी बाई साहू, श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती गीतेश्वरी साहू, श्रीमती रिंकी रजक, श्रीमती सावित्री अग्रवाल,श्रीमती संध्या मसकरे, श्रीमती बिशाहीन बाई, श्रीमती ममता पटेल, राजकुमार सिन्हा, सुमित साहू, तुलाराम सिन्हा, ब्रिज किशोर सिंह, कुंवर लाल मसकरे, श्री चंदन सिन्हा, कु.आस्था सिन्हा, धरम सिन्हा, सूरज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## गैंदाटोला में आज विधायक सम्मान समारोह



खुज्जी (दावा)। परिक्षेत्र साहू गैंदाटोला के तत्वाधान में नवनिर्वाचित विधायक भोलाराम साहू विधानसभा क्षेत्र खुज्जी का अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम में सभी स्वजातीय बंधु आमंत्रित है, जिसमें क्षेत्र के आसपास के लगभग 25 गांव के साहू समाज के सभी सदस्य एवं ग्राम प्रमुख अधिक से अधिक संख्या में आकर इस गरिमा में कार्यक्रम में अपना सहभागिता प्रदान करेंगे।

## लोकसभा निर्वाचन : जिला व्यय अनुवीक्षण समिति (डीईएमसी) गठित

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में उत्पन्न विवाद का निराकरण, अभ्यर्थी को नोटिस जारी होने तथा नोटिस का जवाब प्राप्त होने के समय से 72 घण्टे के भीतर करने जिला व्यय अनुवीक्षण समिति (डीईएमसी) का गठन किया है।

समिति में व्यय प्रेक्षक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव को अध्यक्ष तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल एवं अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी (निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण) श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह को सदस्य बनाया गया है।

जिला व्यय अनुवीक्षण समिति (डीईएमसी) द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय के दैनिक लेखा संधारण के संबंध में प्राप्त शिकायत एवं लेखे के जांच में किसी भी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने पर विवाद का निराकरण निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर जारी अनुदेशों का सारसंग्रह जनवरी 2024 के अनुसार की जाएगी।

# चंदे से मिले काले धन को छिपाने भाजपा एसबीआई का कर रही दुरुपयोग- कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में भाजपा के चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी गई है। न्यायालय द्वारा राजनैतिक दलों को इस योजना के तहत प्राप्त दान का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदे की जानकारी 06 मार्च 2024 से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिए चुनाव में काले धन के खिलाफ निर्णायक कदम के तौर पर इस फैसले का सभी दलों द्वारा व्यापक स्वागत किया गया था। किन्तु केन्द्र में बैठी मोदी सरकार एसबीआई पर जानकारी साझा न करने का दबाव डाल कर उनसे 30 जून तक का समय मांगा गया है।

इसी विषय के विरोध में शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक के सामने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा जी व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू जी के संयुक्त नेतृत्व में केन्द्र सरकार के दोहरे चरित्र को उजागर करते हुए व भारतीय स्टेट बैंक पर डाले जा रहे दबाव को लेकर भारतीय स्टेट बैंक राजनांदगांव गंज चौक में दोपहर 12 से दोपहर 03 बजे तक एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैये को लेकर अपनी बात रखी।



शहर व जिला ग्रामीण कांग्रेस द्वारा एसबीआई के सामने धरना-प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि वर्ष 2017 में योजना की शुरूआत के बाद से राजनीतिक दलों को सामूहिक रूप से 12,000 करोड़ डॉलर से अधिक प्राप्त हुए अकेले भाजपा को 26,566,11 करोड़ प्राप्त हुए जो सभी बांड का 55 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि भाजपा दानदाताओं के बारे में जानकारी सार्वजनिक होने के बाद चुनिंदा कॉरपोरेट्स के साथ अपने संबंधों के संभावित जोखिम को लेकर चिंतित है। आज देश के सभी बैंक कम्प्यूटरीकृत हो चुकी है चुनाव बांड के बारे में जानकारी प्रदान करने में 5 माह की आवश्यकता ही नहीं है इससे साफ जाहिर होता है कि केन्द्र की भाजपा सरकार नहीं चाहती कि इलेक्टोरल बांड का खुलासा हो और चंदा देने वालों का नाम सामने आएं।

ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने केन्द्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जब से केन्द्र में भाजपानीत मोदी सरकार आयी है तब से हिटलरशाही नीति चल रही है। देश की सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 06 मार्च 2024 तक इलेक्टोरल बांड की संपूर्ण जानकारी सार्वजनिक करने व चुनाव आयोग को जानकारी देने निर्देश दिए है तो फिर 30 जून 2024 तक विस्तार की मांग क्यों इससे पता चलता है कि एसबीआई का इस्तेमाल कर भाजपा की वित्तीय अनियमितताओं और काले धन के स्त्रोत को छिपाने के लिए किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

***तीन सौ यूनिट तक फ्री मिलेगी बिजली....***

नहीं किसान महाकुंभ बन गया है। किसानों को भारत रत्न देने का काम किसी ने अगर किया है तो वह मोदी सरकार ने किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मोदी जी ने गारंटी दी थी जब छत्तीसगढ़ में सरकार बनेगी तो सुरक्षा और न्याय देने का काम भाजपा सरकार करेगी। मोदी सरकार ने किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है। इस नंबर पर 9090902024 मिस काल कर अपना सुझाव केंद्रीय नेतृत्व को भेजे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, दो बात बहुत फेमस हो गई है। पहला विष्णु सरकार पालनहारी सरकार है, दूसरा बहुत ही सरल सरकार है। डिप्टी सीएम अरुण साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, आज छत्तीसगढ़ के गांव, गरीब, किसान के बेहतरी के लिए विष्णुदेव सरकार काम कर रही है। गांव, गरीब और किसान की चिंता केवल भाजपा सरकार कर रही है। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, मोदी जी के गारंटी के तहत माननीय रक्षा मंत्री जी आज 13,000 करोड़ रूपए से ज्यादा किसानों को उपहार देने जा रहे हैं।

***महतारी वंदन योजना:आज मिलेगी पहली...***

योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक आयु की पात्र विवाहित महिलाओं को एक-एक हजार रूपए की मासिक वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस प्रकार महिलाओं को 12 हजार रूपए वार्षिक प्राप्त होगा। योजना के तहत 10 मार्च को पहली बार सहायता राशि दी जाएगी। इससे लगभग 70 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित होंगी।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, पुरन्दर मिश्रा, इन्द्र कुमार साहू, मोतीलाल साहू और गुरू खुशवंत साहेब विशिष्ट अतिथि होंगे।

महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। सम्मेलन में विभागीय गतिविधियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री के विक्रय हेतु स्टॉल भी लगाए जाएंगे। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प भी लिया जाएगा।

***2000 करोड़ के ड्रग्स की तस्करी के...***

6 किलोग्राम जब्त किया गया था. बरामदगी के बाद दंपति को हिरासत में लिया गया. पहले राजस्व खुफिया निदेशालय ने कहा था कि मेथमफेटामाइन, जिसे आइस या क्रिस्टल मेथ के रूप में भी जाना जाता है, एक अत्यधिक नशे की लत वाली साइकोस्टिमुलेंट ड्रग्स है, जो कोकीन के समान शक्तिशाली उत्साहजनक प्रभाव प्रदर्शित करती है और इसके जीवन-घातक परिणाम होते हैं.ड्रग्स पकड़े जाने के बाद भाजपा के राज्य प्रमुख के अन्नामलाई ने सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोला था और कहा था कि तमिलनाडु भारत की नशीली दवाओं की राजधानी बन गया है.

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ड्रग सरगना और डीएमके पदाधिकारी जाफर सादिक फरार था. एनसीबी डीएमके पदाधिकारियों के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर रही थी. तमिलनाडु के रास्ते में 1,200 करोड़ की कीमत का माल गुजरात के तट से पकड़ा गया, और आज राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा मदुरै में परिवहन के दौरान 30 किलोग्राम मेथामफेटामाइन पकड़ा.

***तमिलनाडु में कांग्रेस-डीएमके....***

डीएमके और कांग्रेस का गठबंधन पहले से है. डीएमके विपक्ष के इंडिया गठबंधन का भी हिस्सा है. तमिलनाडु में डीएमके ने कांग्रेस के साथ 2019 के आम चुनाव में और 2021 के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की थी. इंडिया गठबंधन के प्रमुख वास्तुकारों में से एक माने जाने वाले एमके स्टालिन की डीएमके 2019 की जीत को दोहराने की इच्छुक है.

***लोकसभा चुनाव के पहले ईसी...***

की नियुक्ति एक पैनल करेगा, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष और सीजेआई होंगे। कोर्ट के आदेश के बाद सरकार नया कानून लेकर आई- इस आदेश के बाद सरकार एक कानून लेकर आई, जिसमें नियुक्ति पैनल से सीजेआई को बाहर कर दिया गया। नए कानून के मुताबिक, पैनल में प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष के अलावा प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक मंत्री को शामिल किया गया है।

***वल्लभ भवन में लगी भीषण आग...***

भी मौके पर बुलाया गया। दोपहर साढ़े बारह बजे तक आग मुख्यमंत्री के पुराने बैठक कक्ष तक पहुंच चुकी थी। इस इमारत के 45 से अधिक कक्ष आग की चपेट में आ गए हैं। दोपहर करीब 02 बजे तक काफी हद तक आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि अनेक हिस्सों से रह-रहकर धुआं उठता दिखाई दे रहा है। मंत्रालय भवन में यह दूसरी बार आग लगी है। इसके पहले भी छह सात साल पहले भी आग लगी थी।

तीन कर्मचारी झुलसे, जेपी अस्पताल भेजा- आग की इस घटना में तीन कर्मचारियों के झुलसने की सूचना है। घायल कर्मचारियों को एंबुलेंस से जेपी अस्पताल भिजवाते हुए भर्ती कराया गया है। इन कर्मचारियों के नाम शिवा, लखन और बबलू हैं। बताया जा रहा है कि आग के बीच बबलू पहले फंसा उसे बचाने लखन राठौरिया अंदर गया और वह झुलस गया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी भाजपा में हुए शामिल, सीएम यादव, पूर्व सीएम शिवराज सहित कई बड़े नेता रहे मौजूद




भोपाल। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी बीजेपी में हुए शामिल हो गए हैं. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीजेपी कार्यालय में उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ली. इस दौरान सीएम मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, कैलाश विजयवर्गीय और मध्य प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे.

### सुरेश पचौरी ने ग्रहण की बीजेपी की सदस्यता

लोकसभा के चुनावों में अब ज्यादा समय नहीं बचा है. बीजेपी ने तो अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट भी जारी कर दी है. इसमें मध्य प्रदेश के भी कई प्रत्याशियों के नाम भी शामिल हैं. चुनाव में बचे कम समय को देखते हुए राजनीतिक पार्टियां अपना अपना कुनबा बढ़ाने में लगी हुई हैं. इस कड़ी में शनिवार को बीजेपी को बड़ी कामयाबी मिली है.

कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली है. पचौरी मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष भी रहे हैं. वो राज्यसभा के सांसद भी रहे हैं. सुरेश पचौरी के बीजेपी में आने से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है.

### पूर्व सीएम शिवराज ने की तारीफ

पचौरी को 2023 में कांग्रेस ने टिकट नहीं दी थी, जिसके बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी. उनके बीजेपी में शामिल होने के बाद पूर्व शिवराज सिंह ने कहा कि आज की घटना मध्य प्रदेश की असाधारण घटना है. उन्होंने कहा पचौरी जी छात्र जीवन से बड़े नेता रहे हैं.मैं उनका कायल रहा हूं.

# सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में ग्रामीण ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के विचारपुर, भरदाखुर्द, पंडरिया, बुंदेली, संड़ी के ग्रामीणों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट भवन पहुंच कर सीमेंट प्लांट के विरोध में कलेक्ट्रेट का घेराव किया और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। करीब 250 ग्रामीण ने कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नाराज ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में सीमेंट का मेगा प्लांट लगाने निविदा जारी किया गया था। जिसमें श्री सीमेंट कंपनी को राज्य सरकार ने (एलओआई) प्लांट लगाने स्वीकृति भी दे दी हैं। राज्य सरकार के द्वारा प्लांट लगाने सैद्धांतिक निर्णय लेने के बाद पर्यावरण मंजूरी व जनसुनवाई के लिये अब प्रशासनिक स्तर पर तैयारी की जा रही लेकिन गुरूवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर सीमेंट फैक्ट्री खोलने का विरोध करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं।

सुबह 11 बजे सें शाम 4 बजे तक ग्रामीणों से कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा मिलने नहीं आये जिससे ग्रामीण नाराज हुये। ग्रामीणों ने कहा कि हम 30 किमी दूर से कलेक्टर साहब को मिलने आये हैं, लेकिन कलेक्टर देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं।।आगे ग्रामीणों ने कहा कि हम किसान हैं कोई नक्सली तो नही कम से कम हमसे मिल तो लो।।बाद में कलेक्टर ने बिगड़ते माहौल को देखते हुये प्रदर्शन कर रहें ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंड़ल को मिलने के लिये अपने कक्ष में बुलाया। प्रतिनिधि मंड़ल ने ग्रामीणों को बताया कि कलेक्टर ने ऊपर शासन स्तर पर हमारी मांग को अवगत कराने की बात कही हैं जिसके बाद ग्रामीण ने अपनी मांग को लेकर घेराव छोड़ प्रदर्शन बंद किया।



○ पहले दिन हुए रोमांचक मुकाबले में मेजबान टीम ने बिलासपुर क्षेत्र को 2-1 से दी करारी शिकस्त

### मालिक से नौकर बनाने की तैयारी कर रही राज्य सरकार- ग्रामीण

ज्ञापन देने आये ग्रामीण में अधिकतर किसान हैं जो गांव में खेती-बाड़ी करके जीवन यापन करते हैं और खुशी से अपनी जिंदगी गुजर-बसर कर रहे हैं। सीमेंट फैक्ट्री खोले जाने को लेकर ग्रामीणों का आरोप है, कि सरकार हमारी जमीन के बदले नौकरी देकर हमें गुलाम बनाने की तैयारी कर रही हैं। नौकरी देकर सरकार हमें 10 बजे से 4 बजे तक कोल्हू की बैल की तरह काम करायेगी जो हमें किसी कीमत पर मंजूर नही। हमारा पालन पोषण करने वाली जमीन हमारी मां है, हम सब अपनी भूमि के मालिक हैं और कृषि कार्य कर खुश हैं, हम अपनी माँ समान जमीन नहीं बेचेंगे?

### प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने दी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की धमकी

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतवानी दी हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले उक्त मामले की निराकरण करे नहीं तो लोकसभा चुनाव की बहिष्कार करने की चेतावनी दी हैं। ग्रामीणों ने चिंता जाहिर की हैं कि जमीन सीमेंट फैक्ट्री को देने से जीविका का साधन खत्म हो जायेगा वहीं सीमेंट फैक्ट्री लगने से आसपास की जमीन बंजर भी हो जाएगी। प्रदर्शनकारी सभी ग्रामीणों का कहना हैं कि इन परिस्थितियों में सभी कृषक अपनी व्यवस्था करने में सक्षम नहीं हैं।

## साधारण सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 13 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत साधारण सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 13 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में यह बैठक 11 मार्च 2023 को आयोजित की गई थी। 11 मार्च को प्रदेश स्तरीय पंचायत सम्मेलन में त्रिस्तरीय पंचायतीराज के पदाधिकारी शामिल होने के कारण अब यह बैठक 13 मार्च को आयोजित की गई है।

## जिले को जल्द मिलेगा व्यापमं परीक्षा केन्द्र का दर्जा– कलेक्टर



जिला प्रशासन द्वारा 17 मई 2023 को भेजा जा चुका है प्रस्ताव

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने छत्तीसगढ़ व्यापमं के चेयरमेन मनोज कुमार पिंगुआ से मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश, भर्ती एवं पात्रता परीक्षाओं के जिले में आयोजन के सम्बन्ध में कतिपय मीडिया में चल रही खबरों को लेकर चर्चा की है।। उन्होंने चर्चा के दौरान उन्हें बताया है,कि जिला प्रशासन की ओर से नियंत्रक छतीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल को सहमति पत्र 17 मई 2023 को भेजी जा चुकी है।। जिसमें नोडल अधिकारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू एवं समन्वयक के लिए रानी रश्मि देवी महाविद्यालय प्राचार्य जितेन्द्र कुमार सांखरे का नाम छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश, भर्ती एवं पात्रता परीक्षाओं के आयोजन हेतु नाम प्रस्तावित है।।

व्यापम चेयरमेन पिंगुआ ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को आश्वासन देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए किए जा रहे वर्तमान में चल रही आवेदन प्रक्रिया और भविष्य में आयोजित परीक्षाओं के लिए केसीजी को केंद्र के रूप विकल्प दिया जाएगा।। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को आस्वस्थ किया है कि जल्द ही मंडल की परीक्षाओं के लिए जिले को केंद्र के रूप में विकल्प में रखा जाएगा।। जिले में परीक्षा केंद्र खुल जाने से जिले परीक्षार्थियों को राहत मिल जाएगी।। उन्हें दूसरे जिले में जाकर परीक्षा दिलाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## कांग्रेस में खुशी की लहर : राजनांदगांव से भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेसियों में जश्न का माहौल

खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ की 11 में से 6 सीटों पर कांग्रेस ने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है।। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है।। वही विकास उपाध्याय (रायपुर लोकसभा), ताम्रध्वज साहू (महासमुंद लोकसभा), राजेन्द्र साहू (दुर्ग लोकसभा), ज्योत्सना महंत (कोरबा लोकसभा) और डॉ. शिव डहरिया (जांजगीर-चांपा) से मैदान में उतारा है। वहीं राजनांदगांव लोकसभा से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेसियों ने अंबेडकर चौक नया बस स्टैंड में जिला युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष नदीम मेमन के नेतृत्व में आतिशबाज़ी कर खुशियां मनाई।



भूपेश बघेल का नाम राजनांदगांव लोकसभा से सामने आने पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई और जमकर नारेबाज़ी भी की।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीखम चंद छाजेड़, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष रज्जाक खान,गुलाब चोपड़ा, सुनील कांत पांडे, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, मनराखन देवांगन,दीपक देवांगन, शत्रुघ्न धृतलहरे, दिलीप राजपूत, सुमीत टांडिया,यतेन्द्रजीत जीत सिंह, कपिनाथ महोबिया, राजा सोलंकी, सूरज महिलांगे, रिजवान सोलंकी, राजा सारथी, सुहैल खान 'रानू' सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# आज महिलाओं को मिलेगी महतारी वंदन योजना की राशि

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भारतीय जनता पार्टी जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिलाध्यक्ष मदन साहू, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, जिला महामंत्री श्रीमती नम्रता सिंह ने बताया महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक अभिनव पहल है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ की महिलाओं को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल की है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की पात्र विवाहित महिलाओं को 12 हजार रूपए वार्षिक (एक हजार रूपए मासिक) भुगतान किये जाएंगे।

प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ करने समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में ''महतारी वंदन योजना'' लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है।

महतारी वंदन योजना के द्वारा प्रदेश की पात्र विवाहित महिलाओं को मासिक डीबीटी के रूप में प्रतिमाह रूपये 1000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के पात्र हितग्राहियों को 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा योजना की पहली मासिक किश्त की राशि का वितरण किया जाएगा। कुल राशि 655.57 करोड़ (छः सौ पचपन करोड़ संतावन लाख रुपये) डीबीटी के माध्यम से वितरित की जाएगी। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में 3,000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है।

**महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक अभिनव पहल- संजीव शाह**

महतारी वंदन योजना न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है बल्कि सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। महतारी वंदन योजना राज्य की सभी पात्र विवाहित महिलाओं को लाभ प्रदान करेगी, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक है। विधवा, तलाकशुदा, और परित्यक्त महिलाएं भी इस योजना के लिए पात्र हैं। सामाजिक सहायता योजनाओं के तहत विभिन्न पेंशन योजनाओं के माध्यम से प्रतिमाह 1000 रुपये से कम पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को यह योजना लाभ प्रदान करेगी। महतारी वंदन योजना के तहत, इन महिलाओं को अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वे प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि प्राप्त कर सकें। महतारी वंदन योजना अंतर्गत कुल 70,26,352 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 11,771 आवेदनों को निरस्त किये गये तथा अंतिम रूप से 70,12,600 पात्र आवेदक की अंतिम सूची 1 मार्च 2024 को जारी की गई। पात्र हितग्राहियों में ग्रामीण क्षेत्र के 57,89,086 एवं शहरी क्षेत्र के आवेदन 12,23,514 हैं एवं पात्र आवेदिकाओं में अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों की संख्या 20,81,735 है, अनुसूचित जाति के लाभार्थियों की संख्या 9,53,147 है, अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों की संख्या 35,39,779 है, और विशेष पिछड़ी जनजाति (क्क्ङ्क्ष्ज्ञत्त) लाभार्थियों की संख्या 69,990 है।

आवेदिकाओं में विवाहित महिलाओं की संख्या 58,96,034, आवेदिकाओं में विधवा महिलाओं की संख्या 9,90,137, आवेदिकाओं में परित्यक्ता महिलाओं की संख्या 1,06,407 आवेदिकाओं में तलाकशुदा महिलाओं की संख्या 20,025, आवेदिकाओं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने वाले महिलाओं की संख्या 9,11,024 है।

महतारी वंदन योजना से मिली राशि से महिलाओं को परिवार के साथ खुद के स्वास्थ्य, पोषण और जीवन स्तर को उठाने का एक मजबूत आधार मिलेगा। महिलाओं की आर्थिक मजबूती से समाज में उनके प्रति भेदभाव में कमी और जागरूकता आएगी। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की आधी आबादी की आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## जिला कार्यालय में अनाधिकृत ढंग से प्रवेश कर हंगामा व नारेबाजी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**खैरागढ़ (दावा)। जिला कार्यालय में अनाधिकृत तरीके से प्रवेश कर परिसर के अंदर नारेबाजी कर सरकारी काम में बाधा डालने वाले लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करायी गई है। गौरतलब है कि प्रभारी सचिव द्वारा जिला कार्यालय सभा कक्ष में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों के बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यो व विभिन्न विभागों में अधिकारी कर्मचारियों की आवश्यकता के संबंध में समीक्षा की जा रही थी।**

इस दौरान जिले के ग्राम विचारपुर, पण्डरिया एवं सण्डी के किसानों द्वारा संबंधित ग्राम के सरपंचों के निर्देशानुक्रम में बिना किसी पूर्व सूचना के जिला कार्यालय में अनाधिकृत प्रवेश कर कार्यालय अंदर ही नारेबाजी करने लगे। जिससे समीक्षा बैठक में व्यवधान पैदा हो रहा था। एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू द्वारा संबंधित लोगों को समझाइश दी गई कि अभी प्रभारी सचिव महोदय जिले की समीक्षा बैठक ले रहे हैं कलेक्टर बाद में मिलेंगे।

विनम्रता पूर्वक समझाइश देने के बाद वे वहां से चले गये। लेकिन बैठक के बाद जब प्रभारी सचिव कार्यालय से निकलने लगे तो पुनः सभी लोग कार्यालय की मुख्य द्वार पर एकत्रित हो गये और इरादतन घेराव करने का प्रयास करने लगे। एसडीएम खैरागढ़ द्वारा नारेबाजी कर रहे लोगों को पुनः समझाइश दिया कि कलेक्टर कोर्ट में मामला देखने के बाद उनकी समस्याओं से अवगत होंगे। प्रशासनिक अधिकारियों के समझाईश के बाद शांत होकर वापस चले गए थे, लेकिन इस बार अधिकारियों के वापस जाते ही फिर से जिला कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर रास्ता रोककर बैठ गए और जिला प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। जिससे शासकीय कामकाज में बाधा पहुंच रहा था। साथ ही आम जनता को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

सरकारी कामकाज में बाधा और लोगों को हो रही परेशानियों के बारे में अवगत कराने के बाद भी मुख्य द्वार का रास्ता खाली नहीं किया गया। जिला कार्यालय अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए खैरागढ़ थाने में ग्राम विचारपुर के बिरेन्द्र जंघेल, श्रवण जंघेल, नोहर जंघेल, नारायण जंघेल, ग्राम सण्डी के खेलन वर्मा, प्रहलाद वर्मा एवं ग्राम बुंदेली के बाल मुकुंद शर्मा तथा ग्राम पण्डरिया के ज्योति जंघेल एवं अन्य के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के कारण संबंधितों के विरूद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने की शिकायत दर्ज की गई।

## दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का आयोजन दिनांक 03 मार्च 2024 से 05 मार्च 2024 तक किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ.के.एल. टांडेकर के निर्देशन तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया।**




उक्त कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव के तत्वाधान में किया गया। उक्त पल्स पोलियो अभियान में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्वयंसेवक के रूप में अपनी सेवाएं दी गई।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों को एक दिन का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा समिति द्वारा मितानिन प्रशिक्षण केंद्र , राजनांदगांव में दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्लस पोलियो ड्राप को किस प्रकार रखना है और कितने से कितने वर्ष तक के बच्चों को यह पोलियो ड्राप पिलाना है एवं कितनी बूंदे पोलियो ड्रॉप की पिलाना है और इससे जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण बातों को विस्तार से इस प्रशिक्षण के अंतर्गत बताया गया।विद्यार्थियों द्वारा नंदई चौक, रेलवे स्टेशन, गंज चौक, रायपुर नाका एवं अन्य स्थान पर पोलियो बूथ लगाकर पल्स पोलियो ड्रॉप बच्चों को पिलाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा ''दो बूंद जिंदगी हर बार, पल्स पोलियो पर जीत रहे बरकरार'' स्लोगन बोलकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो ड्राप पिलाया गया।

# नारियां अपने जिम्मेदारियां से कभी रिटायर नहीं होती हैं - पद्मश्री बारले

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, हिंदी विभाग के तत्वाधान में 5 मार्च 2024 को वैश्विक परिपेक्ष में नारी विमर्श विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. नीलू श्रीवास्तव एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, राज गीत एवं स्वागत गीत के साथ शुभारंभ किया।

सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका, पद्मश्री उषा बारले, विशिष्ट अतिथि, प्राचार्य- शासकीय महाविद्यालय, डोंगरगांव, डॉ. बी.एन. मेश्राम, अध्यक्षता- सेमिनार संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर, आधार वक्तव्य, राष्ट्रीय कथाकार, रायपुर जया जादवानी, विषय विशेषज्ञ त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल -प्राध्यापक डॉ. श्वेता दीप्ति, क्वागतोंग विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, चीन-एसोसिएट प्राध्यापक डॉ. विवेकमणि त्रिपाठी, राष्ट्रीय साहित्यकार भिलाई- कैलाश बनवासी, प्रो. समन्वयक पत्रकारिता एवं संचार विभाग हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर डॉ. अलीम अहमद खान, साहित्यसेवी, आस्ट्रेलिया डॉ. मृणाल शर्मा, संयोजक एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी- डॉ. बी.एन. जागृत के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

स्वागत उद्बोधन में विभागाध्यक्ष डॉ. बी. एन. जागृत ने कहा कि महिला विमर्श मानसिक प्रदूषण से जुड़ा है आधी आबादी की स्थिति सोचनीय क्यों है इसका निवारण कैसे हो यह इस शोध संगोष्ठी का विषय है।

प्राचार्य डॉ. टांडेकर ने आशीर्वचन में महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नारी विमर्श वर्तमान में एक जागृत विषय है प्राचीन काल से ही नारी का ओजस्वी रूप देखने को मिलता है इतने सामान्य व पूज्यनीय होने पर भी देश में नारी विमर्श जैसे विषय पर चर्चा की जरूरत क्यों है इसका कारण हमें जानना होगा नारी के बिना देश का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है।

मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा वाले ने कहा कि नारी महान है नारी कभी अपने दायित्वों से रिटायर नहीं होती है उसे गृहस्थी से कभी फुर्सत नहीं मिलती नारी के कई रूप है नारी अनेक गुना से सुसज्जित है नई अपनी सभी जिम्मेदारियां का बखूबी निर्वहन करती है उन्होंने महाभारत के प्रसंग द्वारा द्रौपदी के भावनाओं को लोकगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं देवी द्रोपदी अपने पतियों के जान की रक्षा के लिए एक रानी होते हुए भी दासी बनकर बनवास कल में जीवन यापन किया।

राष्ट्रीय साहित्यकार जाय जादवानी ने कहा कि नारी विमर्श विषय पुराना है। यह विषय अपने साथ हमेशा कुछ न कुछ नया जोड़ता है नई पीढ़ीयों से अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़तीं रही है स्त्री विमर्श का स्वरूप कैसा हो यह एक विस्तार का विषय है। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम ने कहा कि नारी समस्या का समाधान अभी तक नहीं मिला है नारी सृष्टि का आधार है सहनशीलता दया क्षमा नारी का आभूषण है नारी हिंसा को रोकने की प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।



○ स्त्री की सोच में आधुनिकता का समावेश वर्तमान समय की आवश्यकता- डॉ. दीप्ति

○ नारी के बिना देश का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है -डॉ. टांडेकर

नेपाल से पधारे विषय विशेषज्ञ डॉ. श्वेता दीप्ति ने कहा कि वह छत्तीसगढ़ की भूमि पर आकर यहां की संस्कृति और लोगों से मिलकर अभिभूत हैं उन्होंने प्रकाश डाला की स्त्री कई सदियों से अपने सवालों के जवाब ढूंढ रही है स्त्रियों की सोच में आधुनिकता होनी चाहिए क्योंकि सोच वह अधूरी है जो परिवार के आधार को मजबूत करती है हमें आधुनिकता को पहनावे से नहीं नापना चाहिए पुरुष का अस्तित्व स्त्री के बिना संभव नहीं है।

राष्ट्रीय साहित्यकार श्री कैलाश बनवासी ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से स्त्रियों की दयनीय दशा का दर्शक रहा हूं समाज में स्त्री प्रताड़ना के अनगिनत उदाहरण हैं अब समाज बदल रहा है स्त्रियां अब मुखर हो रही है वह अपने अधिकारों के लिए सचेत हो चुकी हैं।

ऑस्ट्रेलिया से पधारे साहित्यसेवी मृणाल शर्मा ने कहा कि नारी विमर्श एक सामान्य विषय नहीं है नारी विमर्श की यात्रा को समझना होगा नारी को देवत्व से हटाकर उसे नारीत्व की पहचान देने की आवश्यकता है। डॉ. अली अहमद खान ने कहा कि नारी विमर्श अत्यंत संवेदनशील वह ज्वलंत विषय है नारी की उपेक्षा कर कोई भी परिवार समाज अथवा राष्ट उन्नति नहीं कर सकता।

ऑनलाइन माध्यम से चीन से जुड़े विषय विशेषज्ञ डॉ. विवेकमणि त्रिपाठी ने कहा कि प्राचीन चीन में भी महिलाओं की स्थिति बहुत खराब थी भारत की तरह यहां पर भी कई को प्रथाएं प्रचलित थी स्त्री को एक वस्तु के रूप में रखा जाता था परंतु वर्तमान समय में चीन की महिलाओं की स्थिति में बहुत सुधार हुआ है मातृशक्ति को शिक्षित करना ही हर समस्या का आधार है। हमें अपनी मातृ शक्ति को समान अवसर देना होगा तभी हम एक मजबूत राष्ट की कल्पना कर सकते हैं।

संगोष्ठी के प्रथम दिवस पर तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में जया जदवानी, कैलाश बनवासी, डॉ. विवेकमणि त्रिपाठी, डॉ श्वेता दीप्ति एवं सत्र की अध्यक्षता डॉ. अलीम अहमद खान, डॉ. नागरथे एवं डॉ. के. एल. टांडेकर ने किया। विभिन्न तकनीकी सत्रों में अलग-अलग राज्यों एवं महाविद्यालय के शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा शोध स्मारिका का विमोचन किया गया साथ ही साथ अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. डी.पी. कुर्रे द्वारा लिखित पुस्तक 'पर्यटन उद्योग' एवं 'दलित सशक्तिकरण सामाजिक और आर्थिक आयाम' पुस्तकों का भी विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ी शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। सेमिनार का संचालन डॉ. प्रवीण साहू, डॉ. नीलम तिवारी एवं दीक्षा देशपांडे द्वारा किया गया। आभार ज्ञापन डॉ. अनवर खान एवं शालिनी साहू द्वारा किया गया। अतिथियों के लिए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सेमिनार में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बाहर से आए हुए शोधार्थियों एवं प्राध्यापकगण और महाविद्यालय के छात्र - छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



संवाद:- 39969/74


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com